इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रात: संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

VINIRMIT ASSOCIATES & CONSTRUCTION
« WE BUILD TRUST »
OUR SERVICES
■ BUILDING PLANNING, 2D & 3D DESIGNING
■ CONSTRUCTION & SUPERVISION WORK.
■ BUILDING PERMISSION & DIVERSION.
■ CIVIL CONSULTANT & FINANCE ADVISOR & PROVIDER.
■ TOWN & COUNTRY PLANNING & LAY OUT WORK.
Er. SAGAR HARIHARNO B.E.(Civil), Town Planner 0 81036-51143
Er. SAHIL HARIHARNO B.E.(Civil) M.Tech (Structure) 0 97709-50370
OFFICE ADD. : SHRISHTI COLONY, KAMLA COLLEGE ROAD, RAJNANDGAON (C.G.)



## श्रीनगर में विस सत्र से पहले रविवारीय बाजार पर आतंकियों का ग्रेनेड से हमला, 12 घायल

### आतंकियों पर होगा अब अंतिम प्रहार : एलजी ने अधिकारियों को किया फ्री हैंड

जम्मू। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने श्रीनगर में ग्रेनेड हमले को लेकर डीजीपी नलिन प्रभात और सुरक्षा एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारियों से बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को आतंकवादियों और उनके सहयोगियों को दंडित करने के लिए प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। कहा कि आतंकवादी संगठनों को कुचलने और इस मिशन को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ने की पूरी स्वतंत्रता है। उन्होंने आतंकवादी तत्वों को उनके नापाक मंसूबों में सफल नहीं होने देने के सरकार के संकल्प को दोहराया।

उप राज्यपाल ने वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों से कहा, हमारे नागरिकों को निशाना बनाने वाले आतंकवादियों को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। इसके अलावा उन्होंने हमले में घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और जिला प्रशासन को हरसंभव सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए।

विधानसभा का सत्र शुरू होने से एक दिन पहले आतंकियों ने रविवारीय मार्केट में ग्रेनेड से हमला कर दिया। हमले में एक दर्जन नागरिक घायल हुए हैं। हमले के बाद



इलाके में सुरक्षा व्यवस्था और बढ़ा दी गई है। घायलों को इलाज के लिए एसएमएचएस अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। सभी की हालत स्थिर है। हमलावरों की तलाश की जा रही है। कश्मीर के आईजीपी बीके बिरदी व उपायुक्त बिलाल मोहिउद्दीन ने सिटी अस्पताल में घायलों की हालत का जायजा लिया। अधिकारियों ने बताया कि, यह हमला, पर्यटक स्वागत केंद्र (टीआरसी) के पास ऑल इंडिया रेडियो और दूरदर्शन केंद्र वाले एक भारी सुरक्षा वाले परिसर के पास हुआ। एक दिन पहले सुरक्षा बलों ने श्रीनगर शहर के खानयार इलाके में लश्कर-ए-ताइबा के एक शीर्ष पाकिस्तानी कमांडर उस्मान लश्कर उर्फ छोटा वलीद को मुठभेड़ में मार गिराया था। ग्रेनेड हमला आतंकी के मारे जाने के एक दिन बाद हुआ है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, आतंकियों की ओर से सीआरपीएफ बंकर को निशाना बनाकर फेंका गया ग्रेनेड लक्ष्य से चूक गया और सड़क किनारे जा गिरा। वारदात स्थल के पास ही साप्ताहिक पिस्सू बाजार भी रविवार को लगता है।

इसमें कश्मीर घाटी के सभी दस जिलों से बड़ी संख्या में लोग खरीदारी के लिए पहुंचते हैं। धमाके के बाद इलाके में दहशत फैल गई। खरीदार और दुकानदार छिपने के लिए इधर-उधर भागते नजर आए। एक अधिकारी ने कहा कि शनिवार को लश्कर कमांडर के मारे जाने के बाद आतंकियों ने हताशा में यह हमला किया है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## आज राज्योत्सव का मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव होंगे उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस राज्योत्सव 2024 के आयोजन को लेकर तैयारियां जोर-शोर से जारी है। तीन दिवसीय राज्योत्सव का भव्य आयोजन चार से छह नवंबर तक किया जाएगा। राज्योत्सव नया रायपुर अटल नगर में होगा। राज्योत्सव स्थल में मुख्य मंच से लेकर पूरे परिसर की साज-सज्जा का काम तेजी से कराया जा रहा है। शासकीय योजनाओं एवं उपलब्धियों के प्रचार-प्रसार के लिए सभी विभागों के अधिकारी अपने-अपने विभाग का प्रदर्शनी स्टॉल लगाए जाने की तैयारी में जुटे हैं।



राज्य स्थापना दिवस राज्योत्सव 2024 का उद्घाटन चार नवंबर की शाम छह बजे मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि होंगे। राज्यपाल रमेन डेका के मुख्य आतिथ्य में पांच नवंबर को राज्योत्सव के कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। राज्य अलंकरण समारोह एवं राज्योत्सव का समापन छह नवंबर को उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के मुख्य आतिथ्य में होगा।

राज्योत्सव में ख्याति प्राप्त कलाकार रंगारंग और मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देंगे। चार नवंबर को सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत शाम साढ़े चार बजे से होगी। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## जयघोष के साथ श्री केदारनाथ धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद

श्री केदारनाथ धाम। विश्व प्रसिद्ध ग्यारहवें ज्योर्तिलिंग श्री केदारनाथ धाम के कपाट रविवार को भैया दूज के पावन पर्व पर प्रातः 8.30 बजे शीतकाल के लिए बंद हो गए। ऊं नम् शिवाय, जय बाबा केदार के जय घोष तथा भारतीय सेना के बैंड की भक्तिमय धुनों के बीच वैदिक विधि-विधान और धार्मिक परंपराओं के साथ कपाट बंद किए गए। श्री बदरीनाथ- केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) अध्यक्ष अजेंद्र अजय समेत 15 हजार से अधिक श्रद्धालु कपाट बंद होने के साक्षी बने। मंदिर को दीपावली के दिन से ही भव्य रूप से फूलों से सजाया गया था।

श्री अजय की उपस्थिति में रविवार प्रातः पांच बजे कपाट बंद करने की प्रक्रिया शुरू हुई। बीकेटीसी के आचार्य, वेदपाठियों, पुजारीगणों ने भगवान केदारनाथ के स्वयंभू शिवलिंग की समाधि पूजा की। स्वयंभू शिवलिंग को भस्म, स्थानीय पुष्पों बेल पत्र आदि से समाधि रूप दिया गया। प्रातः 8.30 बजे बाबा केदार की पंचमुखी उत्सव डोली को मंदिर से बाहर लाया गया इसके बाद श्री केदारनाथ मंदिर के कपाट बंद कर दिए गए। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## 'भारत में साइबर घोटाले का बहुत बड़ा नेटवर्क', ईडी ने डिजिटल अरेस्ट मामले में दाखिल की चार्जशीट; कई चौंकाने वाले खुलासे

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 'डिजिटल अरेस्ट' के खतरे से बचने का आग्रह किए जाने के बाद जांच एजेंसियों ने कार्रवाई तेज कर दी है। इसके तहत ही ईडी ने कर्नाटक के एक मामले में आठ लोगों के विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल किया है। इसमें धोखाधड़ी की रकम लगभग 159 करोड़ रुपये है।

मामले में गिरफ्तार सभी आठ आरोपित इस समय न्यायिक हिरासत में हैं। ईडी ने एक बयान में बताया कि उसने पिछले माह बेंगलुरु की पीएमएलए अदालत में आठ आरोपितों के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया। जांच एजेंसी ने कहा, 'जांच में पाया गया कि भारत में साइबर घोटालों का एक बहुत बड़ा नेटवर्क है, जिसमें




फर्जी शेयर बाजार निवेश और डिजिटल अरेस्ट शामिल हैं, जिन्हें मुख्य रूप से फेसबुक, इंस्टाग्राम, वाट्सएप और टेलीग्राम जैसे प्लेटफार्मों के जरिये अंजाम दिया जाता है।'

**ज्यादा मुनाफे का दिया जाता है लालच**

पिग बूचरिंग घोटाले के नाम से प्रचलित शेयर बाजार निवेश घोटाले में लोगों को उच्च मुनाफे का लालच देकर फर्जी वेबसाइटों व भ्रामक वाट्सएप ग्रुप्स का उपयोग करके लुभाया जाता है। इन भ्रामक वाट्सएप ग्रुप्स को देखने से ऐसा लगता है कि ये प्रतिष्ठित वित्तीय कंपनियों से जुड़े हैं।

ईडी ने कहा कि इस घोटाले के कुछ पीड़ितों को आरोपितों ने खुद को सीमा शुल्क और सीबीआई का अधिकारी बताकर 'डिजिटल अरेस्ट' किया, फिर उन्हें मुखौटा कंपनियों में भारी मात्रा में पैसा ट्रांसफर करने के लिए मजबूर किया। ईडी ने कहा कि आरोपितों ने धोखाधड़ी को अंजाम देने के लिए सैकड़ों सिम कार्ड प्राप्त किए जो या तो मुखौटा कंपनियों के बैंक खातों से जुड़े थे या (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## अनियंत्रित होकर तालाब में गिरी स्कॉर्पियो, आठ की मौत



बलरामपुर। बलरामपुर जिले में दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। राजपुर शंकरगढ़ मुख्य मार्ग के लडुवा में एक स्कॉर्पियो वाहन अनियंत्रित होकर तालाब (डबरी) में डुब गई। इस हादसे में पिकअप सवार आठ लोगों की मौत हो गई है। मृतकों में तीन लोग एक ही परिवार के थे। इनमें एक महिला और बच्ची भी शामिल थी। फिलहाल पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, शंकरगढ़ मुख्य मार्ग के लडुवा में एक स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर तालाब में जा गिरी। स्कॉर्पियो सवार तालाब में करीब आधे घंटे तक फंसे रहे। कड़ी मशक्कत के बाद गाड़ी को बाहर निकाला गया। गाड़ी में आठ लोग सवार थे। सभी घायलों को अस्पताल भिजवाया गया। जहां पर डॉक्टर ने सभी को मृत घोषित कर दिया। (शेष पृष्ठ 6 पर...)











## पहला कॉलम...

### जनसंपर्क कमिश्नर रवि मित्तल ने संभाला पदभार; अजय अग्रवाल ने सौंपा कार्यभार



रायपुर। छत्तीसगढ़ के नव पदस्थ जनसंपर्क आयुक्त डॉ. रवि मित्तल ने नया रायपुर स्थित संवाद कार्यालय में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। डॉ मित्तल को प्रभारी आयुक्त एवं संचालक अजय अग्रवाल ने कार्यभार सौंपा और उनका स्वागत किया। इस अवसर पर जनसंपर्क विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

डॉ. रवि मित्तल 2016 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। वे हाल ही में जशपुर कलेक्टर के पद पर पदस्थ रहे। डॉ मित्तल ने महासमुंद, रायगढ़ व रायपुर में जिला पंचायत सीईओ के रूप में कार्य किया है। वे 2018 में बगीचा एसडीएम भी रह चुके हैं। डॉ रवि मित्तल ने मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज दिल्ली से एमबीबीएस किया और फिर वे भारतीय प्रशासनिक सेवा में आये।

### मोदी सरकार की शिक्षा नीति से भारत 'विश्व गुरु' बनने की राह पर : सोनोवाल

नयी दिल्ली। पत्तन, पोते परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने कहा है कि देश में शिक्षा क्षेत्र में जबरदस्त सुधार हुआ है तथा इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की अहम भूमिका है जिसने भारत को 'विश्व गुरु' बनने की राह पर अग्रसर किया है। श्री सोनोवाल ने डिब्रुगढ़ में असम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के 78वें और डिब्रू कॉलेज के 62वें स्थापना दिवस समारोह के दौरान छात्रों से बातचीत में कहा कि समाज में वैज्ञानिक सोच विकसित करने में हर डॉक्टर की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। असम मेडिकल कॉलेज की विरासत सुरक्षित हाथों में है और उन्हें पूरा भरोसा है कि इस विरासत को आगे बढ़ाकर लोगों के जीवन को शारीरिक और मानसिक रूप से समृद्ध बनाया जा सकेगा। असम मेडिकल कॉलेज को आदम तथा पूर्वोत्तर का गौरव बताते हुए उन्होंने कहा कि विश्व स्तर के डॉक्टर और शोधकर्ता बनने में इस कॉलेज की प्रतिभाओं को निखारा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कॉलेज के बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए असम सरकार से 300 करोड़ रुपये की सहायता के अलावा क्षेत्रीय सांसद के रूप में वह इसकी क्षमता को बढ़ाने में योगदान देने को प्रतिबद्ध है। समकालीन चिकित्सा पद्धति में उत्कृष्ट बताते हुए उन्होंने कहा कि हमारी सदियों पुरानी पारंपरिक औषधीय प्रणाली तन और मन को स्वस्थ बनाने में कारगर सिद्ध हुए हैं। दुनिया को भारत ने योग दिया है जो पूरी मानवता के स्वास्थ्य और मन को स्वस्थ बना रहा है।

## 'विधायक मां' की बच्चों संग मनी दीपावली : हादसे में पालकों को खोने वाले सेमरहा गांव के 24 बच्चों संग बांटीं खुशियां



*कवर्धा (दावा)। छत्तीसगढ़ के पंडरिया विधानसभा क्षेत्र की विधायक भावना बोहरा ने एक हादसे में अपने पालकों को खोने वाले सेमरहा गांव के 24 बच्चों की पूरी जिम्मेदारी अपने ऊपर उठाई है। उनकी शिक्षा, रोजगार एवं विवाह की जिम्मेदारी भी उन्होंने ली है। इसी के चलते दीपावली के अवसर पर 'विधायक मां' भावना बोहरा के अपने गृह ग्राम रणवीरपुर में सेमरहा गांव के इन्हीं 24 बच्चों के साथ पूरे उत्साह से दीपावली मनाई। अतिशबाजी के साथ ही इन बच्चों ने विधायक भावना बोहरा के साथ भोजन किया एवं दीपावली की शुभकामनाएं भी दीं।*

इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि, इस वर्ष की दीपावली मेरे लिए बहुत ही खास व भावनाओं से भरी हुई है। वे सभी बच्चे मेरे परिवार का एक हिस्सा हैं और आज उनके साथ दीपावली मनाकर बहुत ही प्रसन्नता हुई। उनके साथ अतिशबाजी भी की और भोजन कर मैनें व मेरे पूरे परिवार ने उनका मुंह मीठा कर दीपावली की शुभकामनाएं दीं। बच्चों के चेहरों पर आई खुशी देखकर मन को बहुत ही प्रसन्नता हुई कि, हमारे इस प्रयास से उन सभी 24 बच्चों के जीवन मे एक सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहा है। जिन भावनात्मक परिस्थितियों व मानसिकता से वे गुजरें हैं उसे कम करने के लिए हमारा प्रयास निरंतर जारी रहेगा।

### अभिभावकों की कमी महसूस नहीं होने देना चाहती - बोहरा

श्रीमती बोहरा ने कहा कि, उस दुखद हादसे के बाद उन बच्चों के लिए यह पहली दीपावली थी। ऐसे में कहीं न कहीं वो सभी बच्चे अपने अभिभावकों की कमी को महसूस न करें, इसलिए आज सहपरिवार हमने उनके साथ दीपावली का पर्व मनाया। हमने उन सभी बच्चों के अभिभावक के रूप में उनकी शिक्षा, रोजगार एवं विवाह की जो जिम्मेदारी ली है उसे पूरा करने के लिए हम कटिबद्ध हैं। आगामी समय मे उनके हर सुख-दुख में और त्योहार में उन्हें अपने अभिभावकों की कमी महसूस न हो इसके लिए हम हरसंभव प्रयास करते रहेंगे।

### बच्चों को रायपुर भ्रमण भी करा चुकी हैं भावना

बता दें कि, इसके पूर्व भी पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने रक्षाबंधन के अवसर पर बच्चों के साथ मुलकात कर उन्हें मिठाई बांटी थी। उनके प्रयासों से पहली बार उन सभी बच्चों ने विधानसभा की कार्रवाई देखी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने रायपुर के मॉल में गेम्स खेले, अपने लिए नए कपड़े खरीदें और मन पसंद भोजन किया। अपने जन्मदिन के अवसर पर भी विधायक भावना बोहरा ने उन बच्चों के साथ अपना जन्मदिन मनाया और बच्चों ने उन्हें तोहफे भी दिए।

## प्रदेश में दो दिन बाद बदलेगा मौसम का मिजाज, उत्तर पूर्वी हवाओं के आने से तेजी से गिरेगा पारा, बढ़ेगी ठंड

रायपुर। छत्तीसगढ़ में पांच नवंबर से तापमान में कमी का दौर शुरू होने की संभावना है। अगले सात दिनों तक मौसम शुष्क रहेगा। उत्तर पूर्वी हवाओं की गति बढ़ने से पारा तेजी से गिरेगा। मौसम विभाग के मुताबिक बंगाल की खाड़ी से नमी का आना कम हो गया है। जिससे तापमान में गिरावट की स्थित बन सकती है। अभी प्रदेश का अधिकतम और न्यूनतम औसत तापमान सामान्य से 2 से 3 डिग्री तक अधिक है।

अगले तीन दिनों के बाद पारा समान्य से दो डिग्री तक कम हो सकता है। प्रदेश में बारिश की गतिविधि में नवंबर के महीने में सामान्य से कम रहने की संभावना है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे जाने की संभावना है। प्रदेश में शुष्क हवाओं के कारण प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। प्रदेश में न्यूनतम तापमान में हल्की गिरावट संभावित है। दिन के तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।

### दिवाली में गिरा रात का पारा

प्रदेश गुरुवार तक दिन का पारा गिरकर 30 से 31 डिग्री तक पहुंच गया था। जो बढ़कर 34 डिग्री पर आ गया है। दूसरी ओर रात का पारा तीन डिग्री तक कम हुआ है। हालांकि यह भी समान्य से तीन डिग्री तक अधिक है। मौसम विभाग के मुताबिक बीते वर्षों में रायपुर का पारा नवंबर माह में 13 से 16 डिग्री तक गिर जाता है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि नवंबर से शेष दिनों में तापमान में तेजी से गिरावट होगी।

## बांटी दीपावली की खुशियां : सीएम साय ने सफाई कर्मियों को मिठाई और उपहार भेंट किए



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नवा रायपुर में सफाई कर्मियों के साथ दीवाली की खुशियां मनाई। उन्हें अपनी ओर से मिठाई और उपहार दिए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने सफाई कर्मियों के बच्चों को ब? अपनत्व और स्नेहिल भाव से दुलारा एवं उन्हें चॉकलेट प्रदान किए। इस दौरान उप मुख्यमंत्री अरूण साव, विधायक मोतीलाल साहू उनके साथ थे।

गौरतलब है कि, मुख्यमंत्री श्री साय राज्य स्थापना दिवस के मौके पर एकात्म पथ में 11 हजार दीपों के प्रज्जवलन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए नवा रायपुर जा रहे थे। इसी बीच सीबीडी स्टेशन के पास सफाई कर्मियों को देखकर मुख्यमंत्री रुके और उनसे मुलाकात कर दीवाली की बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सभी सफाई कर्मियों को अपनी ओर से मिठाई और उपहार भी दिए। मुख्यमंत्री ने सफाई कर्मियों से उन्हें शासन की ओर से मिलने वाले मानदेय और अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर नगर निगम आयुक्त अविनाश मिश्रा भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शनिवार को गोवर्धन पूजा पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा है कि, आप सभी प्रदेशवासियों को गोवर्धन पूजा की बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं। सीएम ने लिखा है कि, गोवर्धन पूजा का यह त्योहार गोवंश और प्रकृति की सेवा का त्योहार है। इस पावन अवसर पर भगवान श्री कृष्ण और गो माता से सभी छत्तीसगढ़वासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना करता हूं।

## चार दिनों में 11 हत्यायें, राज्य की बिगड़ती कानून व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करता है- दीपक बैज



रायपुर (दावा)। प्रदेश मे लगातार हो रही हत्याओं को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने रविवार को राजीव भवन में पत्रकारवार्ता ली। इस दौरान पत्रकारों को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था बद से बद्तर होते जा रही है। दीपावली के तीन दिनों में राजधानी रायपुर में 7 हत्यायें हुई है। राजधानी से लगे भिलाई, दुर्ग जिले में 4 हत्यायें हुई है। तीन से चार दिनों में राजधानी क्षेत्र में रायपुर भिलाई में कुल 11 हत्यायें हुई है। जब देश का सबसे बड़ा त्योहार हो तब यह उम्मीद की जाती है, सरकार और पुलिस कानून व्यवस्था को बनाये रखने के लिये अतिरिक्त सतर्कता बरतेगी। ऐसे समय चार दिनों में 11 हत्यायें होना राज्य की बिगड़ती कानून व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करता है।

दीपक बैज ने कहा कि छत्तीसगढ़ की स्थिति तो बिहार, यूपी से भी ज्यादा डरावनी हो गयी है। यह सरकार छत्तीसगढ़ को मणीपुर बनाने पर तुली है। प्रदेश में पहली बार हो रहा कि जातीय आधार पर संघर्ष हो रहा है। राजधानी के सकरी गांव में दंगा हो गया, एक घर में आग लगा दिया गया, वाहनों को जला दिया गया, यदि परिवार वाले गांव छोड़कर नहीं जाते 11 सदस्य का पूरा परिवार घर में जिंदा जल गया होता।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब धार्मिक स्थल भी सुरक्षित नहीं हैं। दामाखेड़ा, जो कबीर पंथ का दुनिया का सबसे बड़ा तीर्थ स्थान माना जाता है। दामाखेड़ा आश्रम के बाहरी इलाके में 50-60 लोग पहुंचे और आश्रम परिसर में आग लगाने का प्रयास किया। उपद्रवियों ने आश्रम के मुख्य द्वार के पास जलता हुआ बम फेंका, जिससे आग लग गई और परिसर में अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद उपद्रवियों ने पत्थरबाजी भी शुरू कर दी, जिसमें आश्रम में मौजूद कई लोगों को चोटें आईं। आश्रम के उदित मुनि साहब को टारगेट कर हमला किया गया। अब धार्मिक स्थल सुरक्षित नहीं है तो आम आदमी की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि हम मांग करते है कि ऐसी सरकार को जो लोगों के जान माल की रक्षा नहीं कर पा रही, उस सरकार के मुखिया और गृहमंत्री को तत्काल पद से हटाया जाये। इस पत्रकारवार्ता में प्रमुख रूप से संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, प्रवक्ता सत्य प्रकाश सिंह भी उपस्थित थे।

## गौरा-गौरी विसर्जन : भगवान शिव और देवी पार्वती को गौरा-गौरी के रूप में पूजे जाने की है परम्परा





राजनांदगांव (दावा)। दीपावली पर्व के दौरान जिले के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में गौरा-गौरी पूजा का अपना एक अलग ही महत्व है।

इसकी पारम्परिक पूजा अर्चना इस पर्व के लिये अहम मानी जाती है। लक्ष्मी पूजा के दो दिन पहले ही गौरा-गौरी को पारम्परिक ढ़ंग से स्थापित का काम विशेष पूजा-अर्चना के साथ प्रारंभ हो जाता है। लक्ष्मी पूजा की देर रात तक गौरा-गौरी स्थल पर इसकी पारम्परिक पूजा अर्चना होती है।

छत्तीसगढ़ की परम्परा से जुड़े इस गौरा-गौरी की पूजा-अर्चना में ग्रामीण बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। यह परम्परा सदियों से चली आ रही है। गौरा-गौरी के इस जागरण प्रथा को आज भी ग्रामीण कायम रखे हुये हैं। इस पूरी पारम्परिक पूजा-अर्चना को धार्मिक किदवंती से जोड़कर देखा जाता है।

### भगवान शिव-पार्वती की गौरा-गौरी के रूप में होती है पूजा

गौरा-गौरी जिसे भगवान शिव व पार्वती का अस्तित्व माना जाता है, वनांचल व ग्रामीण इलाकों में गोवर्धन पूजा के ठीक दो दिन पहले गांव के एक निर्धारित स्थान पर पारम्परिक पूजा पाठ के साथ जगाने की परंपरा निभाई जाती है। इसके बाद गोवर्धन पूजा के दिन सुबह इसके विसर्जन के दौरान शोभा यात्रा निकाली जाती है।

ग्राम भ्रमण के बाद गौरा-गौरी का विसर्जन होता है। शोभायात्रा के दौरान ग्रामीणों द्वारा जगह जगह पूजा अर्चना की जाती है। माना जाता है कि, इससे सुख समृद्धि हासिल होती है।

## पीएम मोदी ने राज्य स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा- प्रदेश विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ता रहे, यही कामना है



रायपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया साइट एक्स पर श्री मोदी ने लिखा कि, समस्त छत्तीसगढ़वासियों को राज्य के स्थापना दिवस पर मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। वैभवशाली लोक परंपरा और जनजातीय संस्कृति के अद्भुत संगम से सजा यह प्रदेश विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ता रहे, यही कामना है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी 1 नवंबर को छत्तीसग? राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि, छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 24 वर्ष पूरे हो रहे हैं। देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने जिस परिकल्पना के साथ छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया था, उन्हें साकार करने की दिशा में प्रदेश निरंतर अग्रसर है।

### छत्तीसगढ़ ने हर क्षेत्र में प्रगति की है

राज्य निर्माण के बाद छत्तीसगढ़ ने हर क्षेत्र में प्रगति की है। राज्य सरकार आदिवासियों, किसानों, मजदूरों, वंचित वर्ग के लोगों तक उनके अधिकार पहुचाने के लिए लगातार काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार विकास के लक्ष्य को तेजी से हासिल करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि, विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में सभी की भागीदारी महत्वपूर्ण है। राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर हम सब प्रदेश को आगे ले जाने और विकास का नया अध्याय लिखने का संकल्प लें। साथ ही मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि, राज्योत्सव के अवसर पर अपने घरों में दीप प्रज्ज्वलित करें और दीपोत्सव के साथ राज्योत्सव मनाएं।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेलों में
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
समय : 12,3, 6 व 9 बजे रात्रि
हंसी का खजाना, जादुई चमत्कार
भूल भूलैया 3
कलाकार - कार्तिक आर्यन, विद्या बालन, माधुरी दीक्षित, तृप्ति डिमरी विजय राज़, संजय मिश्रा, राजपाल यादव आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com




silver SCREEN Multi Plex
01st Nov to 07th Nov 2024







Bhool Bhulaiyaa 3 - 09:15am, 12:30, 03:30, 06:15, 06:30 and 09:30 pm
Singham Again - 09:00am, 09:30am, 12:00, 12:15, 03:00, 03:15, 06:00, 09:00 and 09:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

# पद्मश्री गोविन्दराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में राज्योत्सव का भव्य आयोजन कल










**0 मुख्य अतिथि होंगे विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह**
**0 प्रख्यात प्लेबैक सिंगर ऐश्वर्या पंडित के सुमधुर गीत एवं प्रभंजय चतुर्वेदी के भजन होंगे कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण**
**0 सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति अपरान्ह 2 बजे शुरू होगी**

**विभिन्न विभागों द्वारा लगाए जाएंगे शासन की लोककल्याणकारी योजनाओं से संबंधित स्टॉल एवं प्रदर्शनी**

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 5 नवम्बर 2024 को जिला मुख्यालय के पद्मश्री गोविन्दराम निर्मलकर ऑडिटोरियम गौरव पथ राजनांदगांव में राज्योत्सव का भव्य आयोजन होगा।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद संतोष पाण्डेय करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक डोंगरगांव दलेश्वर साहू, विधायक खुज्जी भोलाराम साहू, विधायक डोंगरगढ़ श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल, महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, अध्यक्ष जनपद पंचायत राजनांदगांव श्रीमती प्रतिक्षा सूर्यकान्त भंडारी, अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सचिन बघेल एवं समाज सेवी रमेश पटेल उपस्थित रहेंगे।

जिला स्तरीय राज्योत्सव अंतर्गत विभिन्न विकास विभाग की विभागीय महत्वपूर्ण योजनाओं एवं सफल योजनाओं की प्रदर्शनी पूर्वान्ह 11 बजे तथा स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति अपरान्ह 2 बजे शुरू होगी। मुख्य कार्यक्रम अंतर्गत शाम 6 बजे दीप प्रज्जवलन तथा शाम 6.1 बजे से शाम 6.30 बजे तक अतिथियों का स्वागत एवं उद्बोधन होगा। शाम 6.30 बजे से रात्रि 10 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। जिसमें संगीत शिल्पी श्रीमती बाबी मंडल द्वारा भजन व छत्तीसगढ़ी गीत, प्रभंजय चतुर्वेदी द्वारा भजन, प्लेबैक सिंगर सुश्री ऐश्वर्या पंडित द्वारा हिन्दी गायन तथा श्री शरद श्रीवास्तव द्वारा संगीतमयी कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ की बेटी बॉलीवुड की प्रख्यात प्लेबैक सिंगर ऐश्वर्य पंडित वर्ष 2015 में इंडिया गोट टैलेंट की गोल्डन बजर विजेता रही हैं। वर्ष 2016 में भारत की शान कार्यक्रम की ग्रैंड फाइनलिस्ट रहीं हैं। वर्ष 2018 इंडियन आइडल की फाइनलिस्ट रही हैं। सा रे गा मा पा कार्यक्रम में स्वर्ण पदक विजेता रही हैं। उन्होंने फिल्म द पावर, कुटुम्ब, परमाणु एवं कई सीरियल में प्लेबैक सिंगर के रूप में गायन के क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बनाई है। ऐश्वर्या पंडित ने अमेरिका, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, पाकिस्तान, दुबई, टर्की, इस्ताम्बुल एवं अन्य देशों में भी अपनी गायन प्रतिभा से देश का नाम रोशन किया है। सुप्रसिद्ध भजन एवं गजल गायक प्रभंजय चतुर्वेदी देश के ख्यातिप्राप्त भजन सम्राट पद्मश्री अनूप जलोटा के शिष्य हैं। मैराथन भजन गायन के लिए उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है। वे रेडियो एवं टीवी कलाकार भी हैं।

# आज महाकाल मंदिर में 56 भोग अन्नकूट प्रसादी



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी नगरी का सुप्रसिद्ध ग्राम सिंघोला स्थित बाबा महाकाल मंदिर में आज दिनांक 04 नवम्बर 2024 रविवार को 56 भोग की अन्नकूट प्रसादी लगाई जावेगी। बाबा महाकाल के भक्त पवन डागा ने बताया कि उज्जैन की तर्ज पर यहां स्थापित बाबा महाकाल मंदिर में दीपावली पश्चात अन्नकूट की परंपरा अनुसार सिंघोला मंदिर में भी 56 भोग अन्नकूट प्रसादी का आयोजन 04 नवम्बर रविवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 04 बजे तक रखा गया है। प्रसादी ग्रहण करने की अपील के साथ श्री डागा ने बताया कि ये सभी आमजन हेतु है।

# पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने गोवर्धन पूजा में की जिले की खुशहाली, सुख-समृद्धि की प्रार्थना



राजनांदगांव (दावा)। गोवर्धन पूजा एवं गौरा-गौरी पर्व के पावन अवसर पर पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने अपने परिवार संग गोवर्धन भगवान की पूजा-अर्चना की। उन्होंने इस धार्मिक आयोजन के दौरान जिले वासियों के लिए सुख, शांति और समृद्धि की प्रार्थना की। शहर के प्रमुख मंदिर में संपन्न हुए इस पूजा समारोह में यादव परिवार के साथ सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने लोगों को पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गोवर्धन पूजा एकता, सहयोग, और समृद्धि का प्रतीक है, जो हमें प्रकृति और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का स्मरण कराता है। यादव ने पूरे जिले वासियों से आह्वान कि इस पर्व को मिलजुलकर मनाएं और आपसी भाईचारे को मजबूत करें।

# लक्ष्मी पूजा के दौरान चढ़ाई गई 75 हजार रुपए की रकम पर अज्ञात चोर ने हाथ साफ किया

**मामला - बोरतलाव थाना क्षेत्र का**

डोंगरगढ़ (दावा)। प्रार्थी सुनील ने पुलिस को बताया कि ग्राम बागनदी में अपने घर के सामने वाले भाग में सुनील किराना स्टोर के नाम से किराना दुकान चलाता हूं कि दिनांक 31 अक्टूबर 2024 के रात्रि करीबन 08:30 बजे मैं अपने पिता ओमप्रकाश ठलाल एवं माता अनुसुईया बाई ठलाल तथा मेरी पत्नी पुष्पा ठलाल सभी मिलकर दुकान अंदर गल्ला के पास माता लक्ष्मी का पूजन किये एवं माता के सामने लाल कपड़ा बिछाकर दुकान की बिक्री रकम एवं अन्य दिनों का बिक्री नगदी रकम लगभग 75,000 रूपये को रख दिये एवं कुछ समय दुकान चलाने के पश्चात रात्रि करीबन 9:30 बजे दुकान को बंद किया एवं हम सभी परिवार दुकान से लगा रूम में खाना खाये एवं मेरे माता पिता जी पुराने मकान में सोने चले गये। प्रार्थी ने आगे बताया कि, मैं और मेरी पत्नी दुकान से लगे हुये अगल बगल के कमरे में सोये हुये थे, जो 01 नवंबर 2024 के प्रातः करीबन 6:45 बजे मेरी मां जो सुबह उठकर दुकान के सामने साफ सफाई करने आयी थी ने आकर बतायी कि दुकान में लगे सटर का ताला टूटा हुआ है तब मैं अपने पिता को घटना के संबंध में बताया एवं हम तीनो दुकान के अंदर जाकर देखे तो अंदर गल्ला के पास लाल कपड़ा उपर रखे नगदी रकम करीबन 75,000 रूपये नहीं था तथा दुकान का सामान चेक किया नगदी रूपया के अलावा दुकान का कोई सामान गायब नही था जो कोई अज्ञात चोर द्वारा रात्रि में दुकान के सटर का ताला तोड़कर कर प्रवेश कर गल्ला के सामने रखे नगद रूपया को चोरी कर ले गया है। पुलिस द्वारा मामले को विवेचना में लिया गया है।

## मतदाता सूची में नाम जोड़ने महापौर एवं निगम आयुक्त ने युवाओं से की अपील

राजनांदगांव (दावा)। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसाद निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण आर्हता कार्यक्रम 1 जनवरी 2024 तक संचालित है। जिसके तहत मतदाता सूची में नाम जोडाने एवं डुप्लीकेट मतदाताओं का नाम हटाने का कार्य मतदान केन्द्रों में किया जा रहा है। इस संबंध में महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख एवं निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने नागरिकों से अपील करते हुये कहा है कि जिनके द्वारा मतदाता सूची नाम नहीं जोड़ाया गया है वे अपने नजदीकी मतदान केन्द्र मे जाकर नाम जोड़ा ले, साथ ही वे युवक युवतियां जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है वे अपना नाम अनिवार्य रूप से मतदाता सूची में दर्ज कराये, ताकि वे विभिन्न चुनावों में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। उन्होंने पार्षदों से भी अपील करते हुये कहा है कि अपने अपने वार्ड के पात्र मतदाताओं का नाम जोड़ने एवं डुप्लीकेट मतदाताओं का नाम हटाने कार्य 1 जनवरी 2024 तक पूर्ण कर लेवे।

# आज से जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ का अनिश्चितकालीन आंदोलन

राजनांदगांव (दावा)। अपने प्रमुख तीन मांगों पर आज दिनांक 4 नवम्बर 2024 दिन सोमवार से अनिश्चितकालीन आंदोलन दुर्ग संभाग के दुर्ग के मानस भवन पर एकत्रित होकर धरना प्रदर्शन करेंगे एवं प्रदेश के 2058 समिति के लगभग 12000 कर्मचारी अपने-अपने संभागों पर धरना प्रदर्शन करेंगे।

धरना प्रदर्शन करेंगेइस धरना प्रदर्शन में शामिल होंगे राजनांदगांव जिले के 74 समिति के लगभग 400 कर्मचारी जिसमें समिति प्रबंधक सहायक समिति प्रबंधक विक्रेता चौकीदार इस आंदोलन में शामिल होंगे महासंघ की प्रमुख तीन मांगे है जिसमें पहली मांग मध्य प्रदेश की तर्ज पर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रत्येक समिति को 3 लाख प्रबंधकीय अनुदान दिया जाए दूसरी मांग 2018 के सेवा नियम में संशोधन किया जावे तीसरी प्रमुख जिसमें धान खरीदी में सुखत प्रदान किया जाए. जिला अध्यक्ष किशुन लाल देवांगन जिला सहकारीसमिति कर्मचारी संघ राजनंदगांव इस धरना आंदोलन में इस धरना आंदोलन प्रदेश के सभी शासकीय राशन दुकान खाद वितरण बीज वितरण बचत बैंक संचालक संपूर्ण धान खरीदी व्यवस्था पूर्णता प्रभावित रहेगा।

# बिना कारण मारपीट करने वाले की पुलिस में शिकायत

डोंगरगढ़(दावा)। ग्राम नागतराई निवासी प्रार्थी मुकेश रात्रे ने पुलिस को बताया कि, वह खाना बनाने का काम करता है। दिनांक 01 नवम्बर 2024 को लगभग रात्रि 9:30 बजे मैं बाजार चौक नागतराई में अपने गांव के साथी राजेश जाधव, हेमलाल विश्वकर्मा, सुमीत धमगेश्वर, लोमन विश्वकर्मा एवं ईश्वर साहू के साथ बैठा था और हम सभी साथी आपस में बातचीत कर रहे थे।

उसी समय गांव का प्रदीप उइके पिता राजकुमार उइके उम्र 22 साल आया और राजेन्द्र जाधव को मारपीट करने लगा मैंने बीच बचाव किया तब मुझे भी प्रदीप उइके अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुये हाथ मुक्का एवं ब्लेड से मारपीट किया है। जिससे मुझे नाक में, मुंह में चोट आया है। तथा राजेन्द्र जाधव के सिर, बांये पैर में चोंट आया है। घटना को हेमलाल विश्वकर्मा, सुमीत धमगेश्वर, लोमन विश्वकर्मा एवं ईश्वर साहू देखे सूने बीच बचाव किये है।

# आर्थिक संकट में दीपावली पर्व मनाने मजबूर हुए प्लेसमेंट कर्मचारी - नरेश करसे

**प्लेसमेंट कर्मचारियों को विगत दो माह से वेतन नहीं मिला**



डोंगरगढ़ (दावा)। नगर पालिका परिषद के प्लेसमेंट सफाई कर्मचारियों का वेतन नहीं मिलने से परिवारों नई आर्थिक संकट के बीच दीपावली पर्व मनाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार डोंगरगढ़ नगर पालिका परिषद के प्लेसमेंट सफाई कर्मचारियों को विगत दो माह से वेतन नहीं मिला है। जिससे उनके परिवारों में आर्थिक संकट पैदा हो गया है। दिवाली की तैयारियों के बीच यह संकट और भी गहरा हो गया है।

नगर पालिका परिषद डोगरगढ़ के अधिकारियों से जब कर्मचारियों द्वारा संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि वेतन की समस्या जल्द ही हल हो जाएगी। लेकिन सफाई कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें कई बार ऐसे आश्वासन मिल चुका हैं।

अखिल भारतीय सफाई कर्मचारी कल्याण संघ ट्रेड यूनियन डोंगरगढ़ के शहर अध्यक्ष नरेश करसे ने कहा है कि, दिवाली के इस पावन अवसर पर हम डोगरगढ़ नगर पालिका परिषद के प्लेसमेंट सफाई कर्मचारियों के लिए न्याय की मांग करते हैं और उनके परिवारों के लिए सहायता की अपील करते हैं।

# रबी सीजन में धान फसल पर रोक, किसानों ने किया विरोध

**पानी बचाने, पुराने तालाबों के संरक्षण, संवर्धन की जरूरत, इस पर ध्यान दें सरकार**



राजनांदगांव (दावा)। शासन-प्रशासन द्वारा गर्मी सीजन में जल संकट की समस्या से निपटने के लिए ग्रीष्मकालीन धान रबी फसल लेने के लिए मना किए जाने पर किसान संघ द्वारा विरोध किया गया है। जिला किसान संघ के प्रमुख सुदेश टीकम व मदन साहू के नेतृत्व में किसानों ने शासन प्रशासन के उक्त निर्णय का विरोध करते हुए इस संबंध में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है।

कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में संघ के प्रमुख सुदेश टीकम और अन्य किसानों ने कहा है कि रबी सीजन में धान की बोनी बहुत से किसानों की आमदनी आजीविका और पलायन न करने का साधन बनी हुई है। अन्य फसल में बंदर और सुअरों के कारण काफी बर्बादी होती है। साथ ही किसानों की आमदनी भी कम होती है। छत्तीसगढ़ का किसान परंपरागत रूप से भी धान की फसल लेते हैं। इस कारण से उन्हें रबी में धान बोना अनुकूल व सुविधाजनक लगता है। अतः प्रशासन का रबी सीजन में किसानों द्वारा धान की फसल लेकर अतिरिक्त आय हासिल करने पर उनकी आजीविका से वंचित करना उचित नहीं है।

## जल संकट के लिए उठाई जाए प्रभावी कदम

किसान संघ द्वारा कहा गया है कि शासन-प्रशासन को जल संकट के साथ धान की फसल को लेकर प्रभावी समाधान निकालना आवश्यक है जो सबके हित में हो। जल संकट की समस्या से निपटने किसानों को बलि का बकरा बनाया जाना उचित नहीं है। संघ का कहना है कि जल संकट सिर्फ किसानों से जुड़ी समस्या नहीं है। यह पूरे समाज के लिए चिंतनीय समस्या है जिसके लिए जन जागरुकता होनी आवश्यक है। बेहतर होगा कि शासन-प्रशासन पुराने तालाबों के संरक्षण और संवर्धन की ओर ध्यान दें। शासकीय कार्यालयों निजी मकान आवासीय और व्यावसायिक भवनों में जल संवर्धन के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का क्रियान्वयन किया जाए।

शहरी क्षेत्रों में वर्षा का जल भूमि के अंदर जाने देने के लिए सड़कें कंक्रीटीकरण वाली न बनाई जाए। इन सब चीजों की अवहेलना के कारण जल संकट जैसी समस्या निर्मित हो रही है। शासन-प्रशासन को बजाय रबी फसल पर रोक के इन पक्षों पर ध्यान देने की ज्यादा जरूरत है।

किसान संघ के सुदेश टीकम ने कहा कि शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों के लिए वर्ष भर में कितनी मात्रा में पेयजल की आवश्यकता पड़ती है, उद्योगों को कितने पानी की जरूरत पड़ती है। निर्माण कार्यों में गाड़ियों को धोने में कितना पानी व्यर्थ जाता है सभी बिंदुओं पर ध्यान देने की जरूरत है और इस पर चिंतन करते हुए जरुरी कदम उठाए जाने की अति आवश्यकता है।

# डॉ. रमन के प्रयास से बम्लेश्वरी मंदिर के सामने नए पुल की मंजूरी

**जिला भाजपा महामंत्री राजेंद्र गोलछा ने जताया आभार दी क्षेत्रवासियों को बधाई**



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध हिल स्टेशन मां बमलेश्वरी पर्वतीय तीर्थ में मां बमलेश्वरी मंदिर के सामने नए पूर्व निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के प्रयास से होने पर जिला भाजपा महामंत्री राजेंद्र गोलछा ने आभार जताया है। साथ ही उन्होंने दीपावली के पावन अवसर पर मिली इस उपलब्धि के लिए क्षेत्र वासियों को बधाई दी है।

श्री गोलछा ने बताया कि डोंगरगढ़ क्षेत्र के भाजपा नेताओं द्वारा इस पल के लिए सतत रूप से प्रयास किया जा रहा था। उन्होंने आगे बताया कि डोंगरगढ़ शहर की ओर जाने वाले भारी वाहन वर्तमान में नीचे मंदिर के सामने से होकर शहर की ओर पुराने कॉलेज ओवर ब्रिज से होकर निकलते हैं और नीचे मंदिर में दर्शनार्थियों का आवागमन हमेशा बना रहता है।

जिसके कारण भारी वाहनों के आवागमन से दुर्घटना की आंशका बनी रहती है और इसके साथ ही अंडर ब्रिज में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित होने से एवं कोई दूसरा विकल्प न होने के कारण सभी भारी वाहनों को नीचे मंदिर के सामने से होकर शहर की ओर जाना पड़ता है। इस संबंध में विधानसभा अध्यक्ष और राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह के प्रयास से वाई शेप ब्रिज के कार्य को शीघ्र क्रियान्वित कराने के लिए विभाग से 21 करोड़ रुपए की राशि को स्वीकृति दिलवाई है।

# जूनियर हैंडबॉल में राजनांदगांव का दबदबा



**जिला हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने दी बधाई**

राजनांदगांव (दावा)। राजधानी रायपुर में आयोजित 46वीं राज्य स्तरीय जूनियर हैंडबॉल बालक प्रतियोगिता में राजनांदगांव जिले के खिलाड़ियों का दबदबा होने पर राजनांदगांव जिला हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने बधाई दी है। श्री जैन ने कहा कि हैंडबॉल की राष्ट्रीय खिलाड़ी शबनम अंसारी के मार्गदर्शन में कोच रजा ओमन तंबोली और रजा कुरैशी के संयुक्त नेतृत्व में राजनांदगांव जिले के खिलाड़ियों ने अपने बेहतर खेल प्रतिभा का परिचय देते हुए उमदा प्रदर्शन किया।

श्री जैन ने बताया कि 46वीं राज्यस्तरीय जूनियर हैंडबॉल बालक रायपुर में राजनांदगांव के खिलाड़ियों ने रजत पदक जीता है। कोच रजा ओमन तंबोली और रजा कुरैशी के नेतृत्व में राजनांदगांव जिले के खिलाड़ियों ने अपने अच्छे खेल और प्रतिभा का परिचय देते हुए शानदार प्रदर्शन किया और रजत पदक प्राप्त किया। राजनांदगांव की टीम ने अपने पहले दो मुकाबले में महासमुंद और नारायणपुर को हरा कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया और सेमी फाइनल में बिलासपुर को 15-13 से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला रायगढ़ के साथ रहा जिसमें 7-6 के कड़े और शानदार मुकाबले में रायगढ़ की टीम में राजनांदगांव टीम के विजय रथ को रोकने में सफल हुई और राजनांदगांव को रजत पदक हासिल हुआ। आज राजनांदगांव जिला हैंडबॉल संघ राजनांदगांव के सभी सदस्यों टीम को बधाई देने पहुंचें और खिलाड़ियों के प्रदर्शन के लिए बधाई और आशीर्वाद देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की जिसमें अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, सचिव प्रिंस भाटिया, शबनम अंसारी सहित, अंतरा जैन, महेश अग्रवाल सहित सभी सदस्य शामिल थे।

# जिला स्तरीय कन्वर्जेंस समिति की बैठक 6 नवम्बर को

राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत वर्ष 2022-23 में जिले के 7 ग्रामों का चयन किया गया है। योजना अंतर्गत चयनित ग्रामों का निर्धारित प्रपत्रों में सर्वे उपरांत ग्राम विकास योजना तैयार की गई है। जिसे ग्राम स्तरीय कन्वर्जेंस समिति तथा संबंधित जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के अनुमोदन पश्चात जिला स्तरीय कन्वर्जेंस समिति द्वारा अनुमोदन के लिए जिला स्तरीय कन्वर्जेंस समिति की बैठक 6 नवम्बर 2024 को सुबह 11 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में ग्राम विकास योजना के अनुमोदन पश्चात उच्च कार्यालय को प्रेषित किया जाएगा। बैठक में जिला स्तरीय कन्वर्जेंस समिति सदस्यों से उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

## छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिक्षण अधिनियम के तहत दो वाहनों को किया गया राजसात

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संजय अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम में दिए गये प्रावधानों के तहत दो वाहनों को शासन के पक्ष में राजसात किया है। न्यायालय जिला दण्डाधिकारी राजनांदगांव से प्राप्त जानकारी अनुसार हवलदारपुरा माना मुर्तजापुर जिला अकोला महाराष्ट्र निवासी मोहम्मद कासिम स्वामित्व के वाहन अशोक लिलैण्ड क्रमांक एमएच 30 बीडी 4616 एवं मोहम्मद सोएब के स्वामित्व के वाहन पीकप क्रमांक एमएच 18 एए 3481 को राजसात किया गया है। इस आदेश के विरूद्ध पुनरीक्षण की अवधि समाप्त हो जाने और सक्षम न्यायालय से किसी प्रकार का कोई आदेश प्राप्त नहीं होने पर पर राजसात की कार्रवाई की गई है।

# मां-पिता का सपना करेंगे पूरा अनुराग जैन



राजनांदगांव (दावा)। लालबाग हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के निवासी एवं इंडिया परफेक्ट न्यूज के संपादक राजेश जैन के सुपुत्र अनुराग जैन ने सी. ए. इंटर सेकंड ग्रुप फर्स्ट अटेम्प को उत्तीर्ण किया। जिसमें उन्हें कड़ी मेहनत और लगन के साथ साथ माता-पिता के सपनों को भी पूरा करने की ठान ली है। बचपन से ही अनुराग एक चंचल प्रवृत्ति का बालक रहा। जिसमें पांचवी क्लास तक कि पढ़ाई रॉयल किड्स स्कूल एवं छठवीं से बारहवीं तक की पढ़ाई नीरज पब्लिक स्कूल से की स्कूल के हर कार्यक्रम में भाग लेने वाला शरारती छोटा सा अनुराग बड़ा होकर व्यवहार का भी बहुत धनी होगा ऐसा किसी ने सोचा न था। घर में अपनी मम्मी की हर आज्ञा का पालन करना और पिता के सपनों को अपना दृढ़ संकल्प मानकर सी.ए. की पढ़ाई में जुट गया।

हर किसी का एक सपना होता है कुछ कर दिखाने का परंतु अनुराग अब अपने माता पिता के सपनों को अपना लक्ष्य मानकर आगे बढ़ रहा है। खेल के प्रति रुचि रखने वाले अनुराग बेडमिन्टन स्टेट प्लेयर, टेनिस बॉल क्रिकेट में स्टेट प्लेयर, फुटबॉल में डिस्ट्रिक्ट प्लेयर रहने के बावजूद भी उसने सी. ए. बनने की ठानी, और पुणे जाकर अपनी सी. ए. की पढ़ाई प्रारम्भ की, जिसमें उसने कड़ी मेहनत दृढ़ता और पढ़ाई के प्रति समर्पण का परिचय दिया। उसकी यह उपलब्धि, प्रतिबद्धता और विशेषज्ञता का प्रमाण है। दिगंबर जैन समाज में जन्में अनुराग की उपलब्धि से पूरा परिवार और जैन समाज गौरवान्वित है। हमेशा कुछ अलग कर दिखाने वाले अनुराग की सरलता ही उसके परिवार नई ऊर्जा प्रदान करती है। दादा, चाचा, चाची, बड़े भाई, भाभी पूरा परिवार आज अनुराग की इस सफलता पर उसे बधाई प्रेषित करता है।

# अनमोल दावा

**जिंदगी एक खूबसूरत कविता है, जिसकी हर पंक्ति में एक नया अर्थ छिपा है। अपने जीवन की कविता को सुंदर बनाएं।**

## रेवड़ी संस्कृति पर रोक लगे, जनता को चुकानी पड़ती है कीमत

कर्नाटक में पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने सत्ता पाने के लिए तमाम ऐसी लोक- लुभावनी घोषणाएं की थीं, जिन्हें पूरा करना कठिन था, क्योंकि राज्य की आर्थिक-वित्तीय स्थिति ऐसा करने की अनुमति नहीं देती थी। इसके बाद भी कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने भी इन लोक-लुभावन घोषणाओं को अपनी गारंटी कहकर प्रचारित किया। हालांकि इन गारंटियों को रेवड़ियों की संज्ञा देकर आलोचना भी की गई, लेकिन कांग्रेस पर कोई असर नहीं पड़ा। चुनाव जीतने के बाद उसने ऐसा दिखाया कि वह अपने वादे के अनुसार अपनी पांच गारंटियों को पूरा करने में समर्थ है, लेकिन अब इसमें उसे मुश्किल पेश आ रही है। इसी के चलते कुछ दिनों पहले कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि महिलाओं की मुफ्त बस यात्रा संबंधी शक्ति योजना पर नए सिरे से विचार किया जाएगा। इसका संज्ञान लेते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कांग्रेस नेताओं को नसीहत देते हुए कहा कि वे वही घोषणाएं करें, जिनके लिए बजट हो और जिन्हें पूरा करना संभव हो। उन्होंने यह कहकर शिवकुमार को निशाने पर लिया कि कर्नाटक की तर्ज पर महाराष्ट्र में भी पांच गारंटियां देने के मौके पर वह एक गारंटी से पीछे हटने की बात कर रहे हैं।

खरगे ने जिस तरह सार्वजनिक रूप से शिवकुमार को निशाने पर लिया, उससे कांग्रेस असहज हुई। खरगे के बयान पर शिवकुमार ने सफाई दी कि उन्होंने शक्ति योजना की समीक्षा की बात की थी, न कि उसे खत्म करने की। चूंकि खरगे भी कर्नाटक से आते हैं इसलिए हैरानी नहीं कि शिवकुमार को नापसंद करने के कारण उन्होंने उन्हें निशाने पर लिया हो। ध्यान रहे कि खरगे के बेटे कर्नाटक सरकार में मंत्री हैं और शिवकुमार मुख्यमंत्री बनना चाह रहे हैं। जो भी हो, पांच गारंटियों पर खरगे और शिवकुमार के बयानों से भाजपा को कांग्रेस पर हमला करने का मौका मिल गया। प्रधानमंत्री मोदी ने यह कहकर उसे निशाने पर लिया कि अब उसे यह अहसास हो रहा है कि झूठे वादे करना तो आसान है, लेकिन उन्हें पूरा करना कठिन। ज्ञात हो कि वह पहले से ही रेवड़ी संस्कृति से बचने की बात कहते चले आ रहे हैं।

इसमें संदेह है कि कर्नाटक की शक्ति योजना को लेकर विवाद खड़ा हो जाने से कांग्रेस भविष्य में चुनाव जीतने के लिए लोक-लुभावन घोषणाओं का सहारा नहीं लेगी। इसके आसार इसलिए नहीं, क्योंकि लोकसभा में कांग्रेस के नेता राहुल गांधी अपनी लोक-लुभावन घोषणाओं को खटाखट पूरा करने पर जोर देते रहते हैं। लोकसभा चुनाव में उन्होंने कांग्रेस की लोक-लुभावन घोषणाओं को खटाखटा यानी आनन-फानन पूरा करने का भरोसा दिया था। चूंकि वह खुद रेवड़ी संस्कृति को बढ़ावा देते हैं, इसलिए हिमाचल प्रदेश के पिछले विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस ने लोक-लुभावन घोषणाएं की थीं। उसने यहां पांच के बजाय दस गारंटियां दी थीं। यह बात और है कि दो वर्ष बाद भी हिमाचल की कांग्रेस सरकार दस में से पांच गारंटियां ही पूरी कर सकी है। इन्हें पूरा करने में भी उसे कठिनाई आ रही है और इसके चलते कर्मचारियों को समय पर वेतन देना मुश्किल हो रहा है। हैरानी नहीं कि इस सबसे बेपरवाह कांग्रेस महाराष्ट्र और झारखंड के विधानसभा चुनाव में भी लोगों को लुभाने के लिए रेवड़ी संस्कृति का सहारा ले।

आज देश में कुछ ही राज्य हैं, जो आर्थिक रूप से अच्छी स्थिति में हैं। समस्या यह है कि उनके साथ-साथ कमजोर आर्थिक स्थिति वाले राज्य भी लोक-लुभावन घोषणाएं करते रहते हैं। स्थिति यह है कि जो राजनीतिक दल दूसरे दलों की लोक-लुभावन घोषणाओं की आलोचना करते हैं, वे भी चुनाव जीतने के लिए वैसी ही घोषणाएं कर देते हैं। यह ठीक है कि आर्थिक रूप से संपन्न राज्यों को लोक-लुभावन घोषणाएं करने और उन्हें पूरा करने में आसानी होती है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि वे खुद को आर्थिक रूप से बेहतर कर रहे हैं। सच तो यह है कि वे भी अपनी आर्थिक सेहत से खिलवाड़ कर रहे हैं और साथ ही अन्य राज्यों में रेवड़ी संस्कृति को बढ़ावा दे रहे हैं। आज तो कुछ राजनीतिक दल रेवड़ी संस्कृति के सहारे ही अपनी राजनीति कर रहे हैं। वे रेवड़ी संस्कृति का बचाव भी करते हैं। यह किसी से छिपा नहीं कि आम आदमी पार्टी किस तरह मुफ्त बिजली-पानी देने का वादा करके अपनी राजनीति करती है। दिल्ली कम आबादी वाला राज्य है और उसकी आर्थिक स्थिति अन्य राज्यों से बेहतर है, लेकिन यदि दिल्ली माडल अन्य राज्यों ने अपनाया तो उनकी आर्थिकी का बेड़ा गर्क होना तय है। इससे इन्कार नहीं कि लोक-लुभावन घोषणाएं चुनाव जिताने में सहायक साबित होती हैं, लेकिन क्या वे प्रदेश और देश को आर्थिक तौर पर मजबूत बना रही हैं यह वह प्रश्न है, जिस पर सार्थक बहस होनी चाहिए, क्योंकि यदि लोक-लुभावन घोषणाओं के कारण एक के बाद एक राज्यों की आर्थिक हालत खराब होती जाएगी तो फिर भारत को विकसित राष्ट्र बनाना संभव नहीं होगा। यह समझा जाना चाहिए कि आर्थिक नियमों की अनदेखी करने और मुफ्तखोरी को बढ़ावा देने वाली लोक-लुभावन घोषणाओं को पूरा करने की कीमत अंततः जनता को ही चुकानी पड़ती है। कई बार तो जनता के उस वर्ग को भी, जिनके लिए ये लोक-लुभावन घोषणाएं की जाती हैं। यदि आम लोगों को यह बात समझ आ जाए तो राजनीतिक दल रेवड़ी संस्कृति अपनाने से परहेज कर सकते हैं। विडंबना यह है कि लोग लोक-लुभावन घोषणाओं के दुष्परिणाम समझने से इन्कार कर रहे हैं। अक्सर यह देखने में आता है कि प्रलोभन में आकर वे अपने वोट की अहमियत ही नहीं समझते। अभी अपने देश में ऐसा कोई तंत्र विकसित नहीं हुआ है कि राजनीतिक दलों की लोक-लुभावन घोषणाओं का आर्थिक दृष्टि से आकलन किया जा सके। इसके विपरीत कई विकसित देशों में ऐसा तंत्र बन चुका है और इसी कारण वहां राजनीतिक दल रेवड़ी संस्कृति चाहकर भी नहीं अपना सकते, क्योंकि मीडिया, थिंक टैंक, वित्तीय संस्थान आदि लोक-लुभावन घोषणाओं की कठोर समीक्षा करते हैं। भारत में भी ऐसा होना चाहिए और जब तक ऐसा नहीं होता, तब तक चुनाव आयोग को अपने स्तर पर राजनीतिक दलों को अनाप-शनाप लोक-लुभावन घोषणाएं करने से रोकने का अधिकार मिलना चाहिए। यदि ऐसा नहीं होता तो रेवड़ी संस्कृति और फले-फूलेगी। इससे न केवल अर्थव्यवस्था कमजोर होगी, बल्कि लोकतंत्र भी।

# ज़्यादा से ज़्यादा महिलाओं को रोज़गार देने के लिए महिला उद्यमी क्यों ज़रूरी हैं?

**सौतिक बिस्वास**

एक नए अध्ययन में पता चला है कि महिला उद्यमियों को बढ़ावा देने से महिला कर्मचारियों की संख्या काफी हद तक बढ़ सकती है.इसमें कहा गया है कि महिलाओं के नेतृत्व वाले कारोबार के ज़रिए महिलाओं के लिए अधिक मौके पैदा करके न केवल आर्थिक विकास को बढ़ावा दिया जा सकता है बल्कि महिलाओं की आर्थिक भागीदारी को भी सशक्त किया जा सकता है. एक ऐसी दुनिया के बारे में सोचिए जहां महिलाओं की आधी आबादी होने के बाद भी बिज़नेस जगत में उनके पास पांचवें हिस्से से भी कम का मालिकाना हक़ हो.ये सच्चाई है जिसे वर्ल्ड बैंक ने 2006 से 2018 तक 138 देशों में किए गए एक सर्वे में उजागर किया है.दिलचस्प बात ये है कि कैसे महिला-स्वामित्व वाले व्यवसाय दूसरी महिलाओं को सशक्त बना रहे हैं.पुरुष स्वामित्व वाली कंपनी में बस 23त्न महिलाएं काम करती हैं. लेकिन महिला स्वामित्व वाले व्यवसायों में महिलाओं की संख्या उससे कहीं ज़्यादा है.पुरुष स्वामित्व वाली कंपनी में केवल 6.5त्न में ही शीर्ष प्रबंधक के रूप में कोई महिला है. ख़ास बात ये है कि महिला स्वामित्व वाली आधी से ज़्यादा फर्मों का नेतृत्व महिलाएं ही करती हैं.भारत में ये चीज़ और भी ज़्यादा चुनौतीपूर्ण है. महिला श्रम की भागीदारी और उद्यमी यहां कम हैं.

पिछले 30 सालों में कार्यबल में महिलाओं की कुल संख्या में कोई खास बदलाव नहीं आया है.लेकिन जब व्यवसायों में महिलाओं की बात आती है तो ये बेहतर होता दिखाई पड़ रहा है.

14 प्रतिशत के क़रीब उद्यमी महिलाएं हैं और सूक्ष्म, लघु और मध्यम (एमएसएमई) उद्योगों में एक महत्वपूर्ण हिस्सा उनका है.2023 के स्टेट ऑफ इंडियाज़ लाइवलीहुड रिपोर्ट 2023 के अनुसार, वे औद्योगिक उत्पादन में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं और कार्यबल के एक बड़े हिस्से को रोज़गार देती हैं.



नीति आयोग के अनुसार, भारत में ज़्यादातर एमएसएमई एक छोटा व्यवसाय होता है जिसमें से कई महिलाएं स्वामित्व वाले व्यवसाय में अकेले ही व्यापार कर रही हैं. जबकि कुछ महिला स्वामित्व वाले उद्यम बड़ी संख्या में कर्मचारियों को नियुक्त करते हैं, वहीं ज़्यादातर बहुत कम श्रमिकों के साथ काम करते हैं.अगर वास्तव में देखें तो भारतीय महिलाओं का व्यवसायों में प्रतिनिधित्व कम नहीं है, लेकिन वे पुरुषों की तुलना में बहुत छोटी कंपनी का संचालन करती हैं , खासतौर पर अनौपचारिक क्षेत्र में.ये चौंकाने वाली बात नहीं है कि भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में महिलाओं का योगदान सिर्फ 17 प्रतिशत है. ये वैश्विक औसत से आधे से भी कम है.ग्लोबल एंटरप्रेन्योरशिप मॉनिटर रिपोर्ट 2021 के अनुसार, महिला उद्यमी के मामले में भारत 65 देशों में से 57वें स्थान है.

गौरव चिपलूनकर (वर्जीनिया यूनिवर्सिटी) और पिनेलोपी गोल्डबर्ग (येल यूनिवर्सिटी) अपने एक स्टडी पेपर में कहते हैं कि महिला उद्यमी को बढ़ावा देने से महिलाओं की कार्यबल भागीदारी में महत्वपूर्ण बढ़ोत्तरी हो सकती है, ऐसा इसलिए क्योंकिमहिलाओं के नेतृत्व वाले व्यवसाय अक्सर अन्य महिलाओं के लिए अधिक अवसर पैदा करते हैं.उन्होंने एकरूपरेखा तैयार की है. इससे ये समझा जा सकता है कि भारत में महिलाओं को नौकरी करने और अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने में किन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है.उन्होंने पाया कि महिलाओं के लिए काम करना अभी भी कई रुकावटों से भरा है और जब महिलाएं अपने व्यवसाय को बढ़ाने के लिए नए लोगों को काम पर रखना चाहती हैं तो उनके लिए ये महंगा और मुश्किल साबित होता है.इस स्टडी में ये भी सामने आया है कि अगर इन बाधाओं को हटा दिया जाए तो महिला-स्वामित्व वाले व्यवसायों की संख्या बढ़ेगी. इससे महिलाओं की वर्क फोर्स में भागीदारी में सुधार होगा. बेहतर वेतन, ज़्यादा मुनाफा और अधिक कुशल महिला-स्वामित्व वाली कंपनियां कम उत्पादकता वाले पुरुष-स्वामित्व वाले व्यवसायों की जगह लेंगी. इससे आर्थिक लाभ भी बढ़ेगा.इसलिए, स्टडी को लिखने वालों ने तर्कदिया कि ऐसी नीति बनानी चाहिए जिससे महिला उद्यमी को मदद मिले.चिपलूनकर कहते हैं कि ऐसी नीतियां जो महिलाओं को बिजनेस शुरू करने में सहयोग दें और काम के मौके बढ़ाएं, लंबे समय से चली आ रही सामाजिक धारणाओं को बदलने से ज़्यादा असरदार और तेज़ी से कारगर साबित हो सकती हैं.अशोका यूनिवर्सिटी की अश्विनी देशपांडे कहती हैं, इतिहास हमें बताता है कि धारणाएं जटिल होती हैं.

घर का ज्यादातर काम महिलाएं ही करती हैं. जैसे खाना बनाना, साफ-सफाई, कपड़े धोना, बच्चे और बुजुर्गों की देखभाल करना. कई बाधाएं हैं जिसमें उनकी सुरक्षा, आने जाने के लिए अच्छे परिवहन और बच्चों की देखभाल, सीमित पहुँच सहित कई बाधाएं हैं जो काम करने की उनकी क्षमता को सीमित करती हैं.कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी की रोली कपूर के हाल ही में किए गए एक अध्ययन में दिखाया गया है कि महिलाओं की स्वतंत्र रूप से यात्रा करने की सीमित क्षमता भी श्रम बाज़ार में उनकी भागीदारी को सीमित करने वाला एक प्रमुख कारक है.देशपांडे ने एक रिसर्च पेपर में लिखा, भारत में श्रमबल में महिलाओं की भागीदारी में हाल ही में हुई वृद्धि के बावजूद तस्वीर उतनी आशाजनक नहीं है जितनी दिखती है.उन्होंने पाया कि ये स्वरोज़गार महिलाओं की संख्या में वृद्धि को दर्शाती है, जो कि वेतनभोगी काम और छिपी हुई बेरोज़गारी का मिश्रण है, जिसमें किसी काम के लिए वास्तव में आवश्यकता से अधिक लोगों को रोज़गार दिया जाता है, जिसके परिणामस्वरूप उत्पादकता कम होती है.

देशपांडे कहती हैं, जॉब कॉन्ट्रैक्ट और सामाजिक सुरक्षा लाभ के साथ नियमित वेतन वाले काम में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की तत्काल ज़रूरत है. महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में ये सबसे महत्वपूर्ण कदम होगा, हालांकि ये एकमात्र कदम नहीं है.ये आसान नहीं होने वाला है. कई महिलाएं काम करने में परिवार और समाज से बाधाओं का सामना करती हैं, चाहे वे अपना खुद का बिज़नेस शुरू करना चाहें या नहीं. और अगर ज्यादा महिलाएं काम करना शुरू भी करती हैं तो नया बिज़नेस शुरू करने में रुकावटें भी बनी रहती हैं, तो रोज़गार के मौके कम होने से उनके वेतन में भी गिरावट आ सकती हैशोध से पता चलता है कि भारत में महिलाएं अवसर मिलने पर काम करती हैं.

इसका मतलब है कि श्रम बल में भागीदारी की गिरावट का कारण काम के अवसरों की कमी और महिलाओं की मेहनत की मांग का कम होना है. बार्कलेज रिसर्च की एक हालिया रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर भारत 2030 तक नए कार्यबल में महिलाओं की हिस्सेदारी आधे से ज्यादा सुनिश्चित कर ले तो 8त्न जीडीपी वृद्धि हासिल कर सकता है. महिलाओं को उद्यमी बनने में बढ़ावा देना इस स्थिति से निकलने का एक रास्ता हो सकता है.

# विचार सरिता

## मन में बसे हैं राम - 303 : श्री राम का तमसा के तट पर शयन और श्री लक्ष्मण जी द्वारा सुरक्षा का उत्तरदायित्व

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



प्रजा श्री राम के रथ के साथ ही तमसा नदी के तट पर रुकना चाहती थी। उनके लिए श्री राम ही राजा हैं। श्री राम का रथ ही उनका निवास है और तमसा नदी का तट ही अयोध्या राज्य है।अपनी इन भावनाओं को व्यक्त करते हुए एक व्यक्ति ने कहा,

''कल हम यहीं कुमार राम का अभिषेक करेंगे। जो कार्यक्रम अयोध्या में संपन्न नहीं हो पाया था वह यहां संपन्न होगा।''

जन भावनाओं को देखते हुए सुमंत जी ने घोषणा की, ''अयोध्यावासियों! हम आज रात्रि यहीं विश्राम करेंगे। कृपया आप सब लोग यहीं ठहरें और इस नदी तट के समानांतर स्वयं के रुकने के लिए अनुकूल स्थान का चयन कर लें।''

रथ से उतरकर श्री राम, सीता जी और लक्ष्मण जी एक ऊंचे स्थान पर पहुंचे। लक्ष्मण जी ने उस स्थान पर आसन लगाया और श्री राम तथा सीता जी उस पर विराजमान हो गए। प्रजा भी तमसा नदी के तट पर ठहर गई। सूर्यास्त के बाद रात्रि का अंधकार धीरे-धीरे बढ़ने लगा है। लक्ष्मण जी ने पेड़ों के पत्तों से बनी हुई शय्या तैयार कर दी है। श्री राम तमसा नदी के तट पर गए और उन्होंने संध्या वंदन किया।

श्री राम ने सुमंत जी से पूछा, ''मेरे प्रिय जन आज मध्याह्न से ही हमारे साथ चल रहे हैं सुमंत जी! ये बिना तैयारी के अपने घरों से निकल पड़े थे और अब इन्हें भूख लग रही होगी। इनके भोजन का प्रबंध कैसे होगा सुमंत जी?''

''आप चिंता न करें कुमार! आपके अयोध्या से प्रस्थान के पूर्व ही लोगों को जानकारी हो गई थी कि आप अयोध्या से प्रस्थान कर सकते हैं और इसीलिए कुछ लोग आवश्यकता की कुछ वस्तुएं, फल आदि साथ ही लेकर चल रहे हैं। मैंने पूर्वानुमान के आधार पर हमारे रथ में फल रखवा लिए थे।'' सुमंत जी ने जानकारी दी।

प्रसन्न होते हुए श्री राम ने कहा, ''अति उत्तम सुमंत जी! जो भी फल या खाद्य सामग्री पास है, उसे सब में बाँट दें।''

सुमंत जी और लक्ष्मण जी ने अयोध्यावासियों के लिए आहार की व्यवस्था देखी। इसके बाद सीता जी ने थोड़े से फल प्रभु श्री राम, लक्ष्मण जी और सुमंत जी के सम्मुख रखे। सब ने आज के प्राप्य को श्री हरि की इच्छा समझकर प्रसाद रूप में ग्रहण किया।

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है।लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## भारत सरकार का कड़ा इम्तहान

अब सवाल है कि क्या भारत सरकार भारत की दोनों सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनियों को नाराज कर ऐसा फैसला करेगी, जो स्टारलिंक चाहती है? या वो रुख बदल कर मस्क, और प्रकारांतर में अमेरिका की नाराजगी मोल लेगी?

कंपनियों को सैटेलाइट ब्रॉडबैंड स्पेक्ट्रम कैसे दिया जाए, इस मुद्दे पर भारत सरकार का कड़ा इम्तहान है। वजह यह कि विदेशी और देशी कंपनियां आमने-सामने खड़ी हो गई हैं। फिलहाल भारत सरकार का रुख दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति इलॉन मस्क की कंपनी स्टारलिंक के हक में झुका लगता है। इस रुख का समर्थन अमेजन कंपनी भी कर रही है। मगर इस रुख के खिलाफ भारत में दूरसंचार क्षेत्र की दो सबसे बड़ी कंपनियों रिलायंस जियो और भारती एयरएटल ने मोर्चाबंदी कर ली है। पहले एयरटेल का रुख भी यह था कि सैटेलाइट स्पेक्ट्रम का भारत सरकार प्रशासनिक आवंटन करे। लेकिन इस हफ्ते अचानक रुख बदलते हुए उसने रिलायंस जियो की इस मांग का समर्थन कर दिया कि इस स्पेक्ट्रम की नीलामी होनी चाहिए। मस्क भारत में सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सेवा शुरू करने की तैयारी में हैं। इस क्षेत्र में उनका मुकाबला भारतीय अरबपति मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस जियो और अब भारती एयरटेल के मालिक सुनील मित्तल से भी है। नरेंद्र मोदी सरकार के बारे में गहरी धारणा है कि उसकी नीतियों को तय करने में अंबानी समूह की मर्जी महत्त्वपूर्ण होती है। लेकिन इस मामले में अब तक उसका रुख इस समूह की इच्छा के खिलाफ है। यहां तक कि रिलायंस ने प्रशासनिक आवंटन होने की स्थिति में कोर्ट में जाने का इरादा जता रखा है।


इसके बावजूद दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इस हफ्ते कहा कि स्पेक्ट्रम को भारतीय कानूनों के मुताबिक प्रशासकीय रूप से आवंटित किया जाएगा और इसकी कीमत टेलीकॉम नियामक तय करेगा। उनके इस बयान का इलॉन मस्क ने सार्वजनिक रूप से स्वागत किया है। अब सवाल है कि क्या भारत सरकार भारत की दोनों सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनियों को नाराज कर ऐसा फैसला करेगी, जो स्टारलिंक चाहती है? या वो रुख बदल कर मस्क की नाराजगी मोल लेगी? मस्क इस समय अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डॉनल्ड ट्रंप के प्रचार अभियान में जुटे हुए हैं। पांच नवंबर को होने वाले चुनाव में ट्रंप जीतते हैं, तो मस्क के प्रभाव में और बढ़ोतरी होगी।

## शब्द सामर्थ्य -225

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. ठुड्डी पर के बाल, दुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**
1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए, गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 224का हल**



## सू- दोकू क्र.225

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र[ख] सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।


**सू-दोकू क्र.224का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# कविता

## किसे पुकारेगा

एक समय जीवन द्वंद हारेगा तू।
तब किसे पुकारेगा तू,
अपनी तूती कब तक चलायेगा,
आज ही सबक ले ले तू ।
क्षण भंगुर जीवन है यह,
करनी से पहले सोचा कर तू।
दुखी कर, जीत की खुशी न मना,
एक समय जीवन द्वंद हारेगा तू,
तब किसे पुकारेगा तू ।



गजेंद्र बख्शी
रिद्धि सिद्धि कालोनी फेस 3
राजनांदगांव

# कविता

## जिंदगी दो पल की हैं,

अच्छे कर्म करना हैं!
आज हैं तो,
कल का नहीं ठिकाना हैं!
लोगों से दुश्मनी,
मन मुटाव नहीं करना हैं!
बुरे कामों को त्यागकर,
सत्य के राह पर चलना हैं!
पैसें धन दौलत का,
कभी घमंड नहीं करना हैं!
खाली हाथ आए हैं,
खाली हाथ जाना हैं!
जिंदगी दो पल की हैं,
एक दिन सबको जाना हैं!

मिट्टी का बना शरीर,
मिट्टी में मिल जाना हैं!
जिंदगी दो पल की हैं,
हर पल मुस्कुराना हैं!
कठिन परिश्रम करके,
दु:ख दर्द सहना हैं!



कृष्णा चौहान
अमेरी, तह.-बरमकेला
जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़(छ.ग.)
मो.न.-6260891787

# राशिफल



**मेष**

आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। आपको आर्थिक रूप से अपने सगे संबंधियों की मदद मिलेगी। साथ ही लेन-देन के मामलों में.. आपको सावधानी बरतने की जरुरत है। करियर में भी आपको अपने गुरु का सहयोग प्राप्त होगा.. आप जीवन में आगे बढ़ेंगे। आपका कॉन्फिडेंस आपको सक्सेस दिलाएगा।



**वृषभ**

आज आपका दिन उल्लास से भरा रहने वाला है। बिजनेस के किसी काम से आपको यात्रा करनी पड़ सकती है। आपका काम अच्छे से पूरा होगा। आज आप कुछ मौज मस्ती के मूड में भी रहेंगे 7 रोजमर्रा की जिंदगी में कुछ नयापन आ सकता है। इस राशि के बच्चों को उनके शिक्षकों से तारीफ मिलेगी।



**मिथुन**

आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। नौकरी कर रहे लोगों के लिए आज का दिन लाभकारी है, उन्हें काम से जुड़ी कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी। सही योजना के तहत आप अपने करियर में बदलाव लाने में सफल होंगे। आपका खुशनुमा व्यवहार सबको प्रभावित करेगा।



**कर्क**

आज आपका दिन बेहतर साबित हो सकता है। आज नौकरी करने वाले लोगों की तनख्वाह में बढ़ोतरी होने की भी संभावना है। प्रॉपर्टी से जुडी समस्याओं के लिए... भागदौड़ के उपरांत काम बन जायेगा। सगे सम्बन्धियों से अच्छे तालमेल बनेंगे। आज किसी जरूरतमंद की सहायता करने का मौका मिलेगा।



**सिंह**

आज का दिन व्यस्तता से भरा रहने वाला। मसालेदार खाना खाने से आपकी सेहत में उतार चढ़ाव होगा। आज आपके बड़े भाई आपसे किसी विषय पर चर्चा करेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों का आज कोई विरोध कर सकता है। जमीन जायदाद लेने के सिलसिले में आपको भागदौड़ करनी पड़ सकती है।



**कन्या**

आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण रहेगा। दाम्पत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बेहतर बना रहेगा। सेहत के लिहाज से आप चुस्त-दुरूस्त रहेंगे। विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। आज आपके काम करने की कला से लोग आपसे प्रभावित होंगे।



**तुला**

आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशिया लाया है। वैवाहिक जीवन में मधुरता बढ़ेगी। आज राह चलते किसी अनजान व्यक्ति से बेवजह विवाद से बचें। संयम रखने से रुकी योजनायें सफल होंगी 7 इस राशि के व्यापारियों को आज अच्छा लाभ होगा। आज किसी उलझन से बहार निकलने में दोस्त की मदद मिलेगी।




**वृश्चिक**

आज आपका दिन अनुकूल रहने वाला है। संतान के साथ रिश्ते में मजबूती आयेगी। आज आपको पैतृक सम्पति मिल सकती है। पुराने स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या से आपको छुटकारा मिलेगा। आज आपके सभी काम आसानी से पूरे होंगे। कॉमर्स फील्ड के छात्रों को आज कुछ नया सीखने को मिलेगा... आपका ज्ञान बढ़ेगा।



**धनु**

आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज आप दूसरों की हरसंभव मदद करेंगे। पारिवारिक जीवन में ताल मेल बना रहेगा। आज के दिन परिवार के साथ बाहर डिनर करने का प्लान बनायेंगे। आज आप अपनी डेली रूटीन में बुक पढ़ने की हैबिट डाल सकते है। साहित्य के क्षेत्र में आपका रुझान हो सकता है।



**मकर**

आज आप अपने दिन की शुरुआत शांत मन से करेंगे। आपके धन-धान्य में वृद्धि होगी। दोस्तों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग करें। आज आपको फिजूल की बातों में पड़ने से बचना चाहिए। आपकी सेहत में कुछ उतार- चढ़ाव बना रहेगा। तली-भुनी चीजें खाने से आपको बचना चाहिए। आपके कुछ खास काम में आज रूकावट आ सकती है।



**कुंभ**

आज आपकी दिनचर्या अच्छी रहेगी। आज आपके अंदर पोजिटीविटी बनी रहेगी, जिससे आपका मन...काम करने में लगा रहेगा 7 आपकी भौतिक सुख सुविधाएँ बनी रहेंगी। ऑनलाइन बिजनेस कर रही महिलाओं की इनकम में इजाफा होगा। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करने के लिए आगे आयेंगे।



**मीन**

आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। स्वास्थ का ध्यान रखें, किसी भी समस्या को नजरअंदाज न करें। समाज सेवा से जुड़े लोगों का समाज में प्रभाव बढेगा, लोगों का सहयोग मिलेगा। आज के दिन अपनी वाणी पर संयम बना के रखें, किसी के मामले में न पड़ें। आज आपको रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। परिवार के साथ प्रेम बढ़ेगा।

# पटाखा फोड़ने के दौरान ग्रामीण युवा आपस में उलझे पुलिस में रिपोर्ट दर्ज

डोंगरगढ (दावा)। दीपावली पर्व के दौरान फटाखा फोड़ने के दौरान विकासखंड के अनेक ग्रामों में लड़ाई झगड़ा होने की जानकारी मिली है। जिसे लेकर प्रार्थीयो द्वारा आरोपीगणों के खिलाफ थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस द्वारा मामले को विवेचना में लिया गया है।

### साहाड़ा देव तालाब के पास फटाखा फोड़ने की बात को लेकर,युवक के साथ मारपीट

डोंगरगढ़(दावा)। ग्राम जारवाही निवासी प्रार्थी टिकेश्वर सिंहा जो बीए फाईनल में अध्यनरत है,ने पुलिस को बताया कि,दिनांक 02 नवंबर 2024 की शाम करीबन 08ः00 बजे वह साहाड़ा देव तालाब के पास फटाखा फोड़ रहा था उसी बात को लेकर गांव के संजय, दिनेश, लिलेशं, गौतम एक राय होकर मां बहन की अश्लील गाली गलौच देकर गौतम साहू मेरे गले को दबा दिया तथा गौतम एवं संजय डंडा से मेरे कमर पीठ में मारपीट किये।

दिनेश एवं लिलेश हाथ मुक्का से मारपीट किये जिससे गले में चोट खरोच एवं पीठ में चोट आयी है। तथा जान से मारने की धमकी दिये घटना को गणेशी कोर्राम, छबिल साहु देखे व सूने है बीच बचाव किये है। सार्वजनिक स्थान में अश्लील गाली गलौच देने से सुनने में खराब लगा।प्रार्थी के रिपोर्ट से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही मे लिया गया।

### फटाखा फोडने की बात को लेकर मां बहन की गाली देकर मारपीट करने वाले की पुलिस में शिकायत

डोंगरगढ़(दावा)। ग्राम शिवपुरी में निवासी प्रार्थी पीतांबर वर्मा पिता प्रकाश वर्मा जो खेती किसानी का काम करता है ने पुलिस को बताया कि दिनांक 02 नवंबर 2024 की शाम को हमारे गांव का अविनाश यादव शितला मंदिर तालाब पार मे फटाखा फोड़ रहा था, तो नागेश महोबिया द्वारा फटाखा फोडने के बात को लेकर मां बहन की गंदी गंदी गाली दिया। हल्ला आवाज को सूनकर मै आया तो मै नागेश महोबिया को गाली गलौंच देने से मना किया। तो नागेश महोबिया बोला कि मै गाली दूंगा तो क्या कर लोगे।

फिर वहा से सब गौठान गोर्वधन पूजा देखने आ गये।वहा पर नागेश महोबिया भुनेश्वर साहू के साथ हाथ मुक्का से मारपीट करना सुरू कर दिया एवं उसे लेकर मारने हेतु अपने घर तरफ ले जा रहा था।जिसें बचाने हेतु दिनेश पटेल, अविनाश यादव, चंद्रशेखर चंदेल बचाने गये तो हाथ मुक्का से मारपीट किया।

उसी बात से मना करने पर मेरे साथ भी मां बहन की गाली गलौच देकर जान से मारने से धमकी देकर



मारपीट किया। जिससे चोट व दर्द है, घटना को दिनेश पटेल,चंद्रशेखर भुनेश्वर साहू, अविनाश यादव देखे व सूने है, सार्वजनिक स्थान में अश्लील गाली गलौच देने से सुनने में खराब लगा। पुलिस द्वारा मामले को विवेचना में लिया गया।

### फटाखा फोड़ने से मना करने पर घर आकर मारपीट

डोंगरगढ़(दावा)। गांव में मनाए जाने वाले मातर त्यौहार के दौरान फटाका फोड़ने से मना करने पर ग्रामीण आपस में उलझ गए। पीड़ित पक्ष द्वारा आरोपी के खिलाफ थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। प्रार्थी नागेश महोबिया पिता शिवेंद्र महोबिया निवासी ग्राम शिवपुरी द्वारा पुलिस को बताया कि वह एबीस कंपनी शिवपूरी में फिल्ड सुपरवाईजर के पद पर पदस्त है। दिनांक 02 नवंबर 2024 शाम को हमारे गावं मे मातर का कार्यक्रम शिवपुरी गौठान में था।

जहा पर मैं भी कार्यक्रम देखने गया था। वही पर अविनाश यादव फटाका फोड़ रहा था। जो मेरे उपर आ रहा था, जिसे मेरे द्वारा मना करने पर मुझसे बहस कर रहा था। फिर मै वहा से घर आ गया। कुछ देर बाद 7:30 बजे करीबन मनीष वर्मा, पीताम्बर वर्मा, घनश्याम यादव लकड़ी का डंडा लेकर मेरे घर मे घुसकर मांदर चोद तेरे मां को चोदु तु गौठान के पास ज्यादा हीरो बन रहा था। आज तुझे जान से ख़त्म कर देंगे की धमकी देते हुये मनीष व घनश्याम के द्वारा हाथ मुक्का से व पिताम्बर वर्मा के द्वारा लकड़ी के डंडा से मारपीट की गई। मारपीट के घटना को देखकर बीच बचाव करने आये मेरे भतीजे यतान्सु व प्रियान्सु तथा गाव का कोटवार गोपाल वालदे को भी गाली गलौच कर हाथ मुक्के व लकड़ी के डंडे से मारमीट किया गया। उन लोगो के द्वारा मारपीट करने से मुझे चेहरे मे, नाक मे, गला, आंख के पास, बाये कंधे मे चोट लगने से खुन निकला है।तथा मेरे भतीजे यंतान्सु व प्रियान्सु तथा गाव का कोटवार गोपाल वालदे को भी चोटे आयी है। घटना को मिलाप चंद वर्मा, मुलचंद, आदि लोग देखे व सुने हैं। प्रार्थी के रिपोर्ट से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### फटाखा की चिंगारी लगने से आपस में उलझे ग्रामीण युवा

डोंगरगढ़(दावा)। दीपावली पर्व के अवसर पर फोड़े जाने वाले फटाखा की चिंगारी अन्य व्यक्ति को लगने से ग्रामीण युवा आपस में उलझ गए। इस दौरान पीड़ित पक्ष द्वारा आरोपी के खिलाफ थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई।प्रार्थी ननकू वर्मा पिता घसिया वर्मा निवासी ग्राम रेंगाकठेरा द्वारा पुलिस को बताया गया कि ,वह कक्षा आठवीं तक पढा है। खेती किसानी का काम करता है।

दिनांक 02 नवंबर 2024 को रात 08/00 बजे करीबन वह अपने घर के सामने छोटे बच्चो लोगो के साथ फटाखा फोड रहा था। तो खिलावन चन्द्रवंशी एवं गणेश चन्द्रवंशी वहीं पर बैठे थे। तो फटाखा का कुछ हिस्सा उन लोगो पर छिटक गया। तो वे दोनो मुझे अश्लील गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देकर पास में पडे ईट के टुकडे से गणेश चन्द्रवंशी के द्वारा सिर में मार दिया एवं खिलावन चन्द्रवंशी के द्वारा हाथ मुक्का से चेहरा में मारा है।मारपीट करने से मैं गिर गया और बेहोश हो गया। मेरी पत्नी बिन्दा बाई वर्मा उठाकर ले गयी एवं झगडा को छुडायी है। घटना के बारे में गांव के सरपंच नरसिंग वर्मा को बताया हूं। मारपीट करने से मुझे चेहरा एवं सिर में चोंट लगी है।पुलिस द्वारा मामले को विवेचना में लिया गया।

## पहला कॉलम...

### धुसेरा के पास दो बाइक में जबरदस्त भिड़ंत से तीन युवक घायल



डोंगरगढ़ (दावा)। अछोली मोतीपुर मुख्य मार्ग पर स्थित ग्राम धूसेरा के पास दो बाइक में जबरदस्त भिड़त से तीन युवक बुरी तरह घायल हो गए हैं। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार अछोली टिकरापारा निवासी राजीव सिंह राजनांदगांव की ओर से वापस अपने घर आ रहा था, वही त्रेता प्रकाश पांडे डोंगरगढ़ एवं मनोज यदु ठेठवार पारा निवासी दोनों राजनांदगांव की ओर जा रहे थे। दोनों बाइक सवार ग्राम घुसेरा के पास आपस में भिड़ गए जिससे राजीव सिंह सर के आसपास अंदरूनी चोटे आई हैं। वही त्रेता प्रकाश पांडे के पैर में गंभीर चोटे लगी है। वही मनोज यदु का हाथ पूरी तरह टूट गए हैं। सभी घायलों को ग्राम अछोली स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डाक्टर घनिष्ठा लॉउतरे द्वारा प्राथमिक उपचार करने के पश्चात तीनों को उच्च चिकित्सा हेतु रेफर कर दिया गया। अभी तीनों युवकों की हालत नाजुक बनी हुई है।

### नई गाड़ी खरीदने पर पार्टी नहीं देने वाले के साथ मारपीट

डोंगरगढ़(दावा)। ग्राम भंडारपुर निवासी प्रार्थी सुभाष निर्मलकर पिता काशी निर्मलकर द्वारा पुलिस को बताया गया कि वह भिलाई में फेब्रीकेसन लाईन में काम करता है। दिनांक 02 नवंबर 2024 की शाम करीबन 08ः30 बजे बहोरन बेल्डिंग दुकान के सामने खड़ा था। उसी समय गांव का भुपेन्द्र बंदे एवं शेखर बंदे आये एवं नई गाड़ी लिया है, पार्टी नही दे रहा है,कहकर मां बहन की गंदी गंदी देकर शेखर बंदे शराब के पौवा शीशी से मेरे सिर मे मारे जिससे चोट लगकर खुन लिकला है एवं भुपेन्द्र बंदे हाथ मुक्का से मारपीट किया तथा दोनो आज तुझे जान से खत्म करदेगे की धममी दिये। अमीत, परदीप साहू घटना को देखे व सुने है, बीच बचाव किये है। सार्वजनिक स्थान में अश्लील गाली गलौच देने से सुनने में खराब लगा।पुलिस द्वारा मामले को विवेचना में लिया गया।

### पुरानी रंजिश को लेकर आपस में मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

डोंगरगढ़(दावा)। पुरानी रंजिश को लेकर ग्रामीण आपस में उलझ गए। पीड़ित पक्ष द्वारा आरोपी के खिलाफ थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। प्रार्थी पुनीत निषाद पिता लक्ष्मण निषाद निवासी ग्राम देवकटटा द्वारा पुलिस को बताया गया कि वह कक्षा तीसरी तक पढा है। रोजी मजदूरी का काम करता है।

दिनांक 02 नवंबर 2024 को गांव के गौठान में त्यौहार के उपलक्ष्य में गोवर्धन का कार्यक्रम हो रहा था। मैं कार्यक्रम देखकर वापस अपने घर आ रहा था, कि हुम्मन पटेल रास्ते मिला और पुरानी रंजिश को लेकर मां बहन की गंदी गंदी गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देकर बाजा बजाने वाले डंडा से मेरे सिर में कान के पास में मारा। जिससे मुझे चक्कर आने लगा और कान से खुन निकलने लगा। लडाई झगडा को भगीरथी पटेल देखे सुने है व छुडाए है। घटना के बारे में सोमरथ यादव को बताया हूं। तब सोमरथ यादव के द्वारा पूछने गया कि क्यो मारपीट किये हो तब वह सोमरथ यादव को भी अश्लील गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देकर साले तु पूछने आया है कहकर हाथ मुक्का से मारपीट करने से सोमरथ यादव के बांये आंख के नीचे, बांया पैर पंजा में चोंट लगा है। पुलिस द्वारा मामले को विवेचना में लिया गया।


### आसीक खान एवं साथी द्वारा भाई-बहन के साथ मारपीट

डोंगरगढ़(दावा)। पुरानी रंजिश को लेकर आसिक खान एवं साथी द्वारा प्रार्थी के साथ मारपीट की गई जिसमें प्रार्थी की बहन को भी चोट पहुंची है प्रार्थी ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस को बताए अनुसार प्रार्थी सुनील वर्मा पिता मूलचंद वर्मा ग्राम बछेराभाठा का निवासी है। कक्षा ग्यारहवीं तक पढा है। रूबल मोबाईल साप डोंगरगढ में काम करता है।

दिनांक 02 नवंबर 2024 को वह अपनी बहन सुनीता वर्मा को शिल्पा ब्युटी पार्लर डोंगरगढ लेकर गया था। ब्युटी पार्लर बंद होने से बहन के साथ मोटर सायकल से घर ग्राम बछेराभाठा जा रहा था। भाई - बहन जब मान होटल चौक के पास पहुचे थे तो आसिक खान और उसके साथी उन्हें आवाज देकर रूकने के लिए बोले तब वह डर गया और अपने मोटर सायकल को हाईस्कूल मैदान डोंगरगढ में घुसा दिया। पीछे से आसिक खान एवं उनके 03 अन्य साथी आये और मुझे गांव में बहुत बडा हीरो बनता है सुनील वर्मा कहकर अश्लील गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किये बीच बचाव करने मेरी बहन सुनीता वर्मा आयी तो उसे भी हाथ मुक्का से मारपीट किये। आसिक खान और उसके अन्य 03 साथी के द्वारा मारपीट करने से मेरे गाल, पीठ में चोंट आया है तथा मेरी बहन के गाल में चोंट आया है।पुलिस द्वारा प्रकरण को विवेचना में दिया गया।

## जुआडियान पर पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई

डोंगरगढ़ (दावा)। दीपावली पर्व पर जुआ खेलने वाले युवाओं के विभिन्न समूहो को पुलिस द्वारा छापामार कार्रवाई कर पकड़ा गया, मौके से हजारों रुपए बरामद किए गए। प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



### जुआड़ियान को ग्राम तालाब पार में जुआ खेलते पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा

मुखबीर से प्राप्त सूचना पर पुलिस ने कुछ जुआड़ियान को ग्राम मनकी तालाब पार में रूपये पैसे का दाव लगाकर ताश पत्ती से काट पत्ती नामक जुआ खेलते हुए रंगे हाथों पकड़ा। रेड कार्यवाही करने पर कुछ जुआड़ियांन पुलिस को देखकर भाग गये मौके पर छः जुआड़ियांन पकड़े गये।

जिसे पता पुंछने पर अपना-अपना नाम ओमकार साहू पिता सवन राम उम्र 22 साल निवासी पुरैना ,चंद्रकुमार पटेल पित महेश पटेल उम्र 27 साल निवासी मनकी ,करण वर्मा पिता रामसाय वर्मा उम्र 22 साल निवासी पुरैना,खेलन कुमार पिता भगतराम उम्र 30 साल निवासी मनकी, तोरण साहू पिता बेदलाल साहू उम्र 28 साल निवासी मनकी, घनश्याम खरे पिता धन्नू खरे उम्र 29 साल निवासी मनकी पुलिस चौकी मोहारा थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ0ग0) का रहने वाला बताये। जो ग्राम मनकी तालाब के पार आम जगह में मोमबत्ती जलाकर जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़े गये। पकड़े गए जुआडियान के पास से कुल जुमला 2380 / रू., 52 पत्ती ताश एवं एक अखबारी कागज तथा एक अधजली मोमबत्ती जप्त किये। आरोपीयों का कृत्य अपराध धारा 13 जुआ अधिनियय, छग जुआ प्रतिषेध अधि0 के धारा 03 का अपराध घटित करना पाये जाने से मौके पर गिरफ्तार किया गया, मामला जमानतीय होने तथा सक्षम जमानतदार पेश होने पर जमानत मुचलका पर रिहा किया गया।

### ग्राम चैतु खपरी प्रा.शा. स्कुल के पीछे जुआ खेल रहे जुआडियान को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा

मुखबीर से प्राप्त सूचना पर पुलिस द्वारा कुछ जुआड़ियान को ग्राम चैतु खपरी प्रा.शा. स्कुल के पीछे स्ट्रीट लाईट के नीचे रूपये पैसे का दाव लगाकर ताश पत्ती से काट पत्ती नामक जुआ खेलते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। रेड कार्यवाही करने पर कुछ जुआड़ियांन पुलिस को देखकर भाग गये मौके पर तीन जुआड़ियांन पकड़े गये।

जिसे पता पुंछने पर अपना-अपना नाम गजेन्द्र वर्मा पिता पिरीतराम वर्मा उम्र 32 साल गजराज लोधी पिता रितीराम उम्र 34 साल , अजय यादव पिता ज्ञानि यादव उम्र 32 साल सभी निवासी ग्राम चैतुचखपरी पुलिस चौकी मोहारा थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ0ग0) का रहने वाला बताये जो ग्राम चैतुखपरी प्राशा स्कुल के पीछे स्ट्रीट लाईट के नीचे आम जगह में जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़े गये। पकड़े गए जुआडियान के पास से कुल जुमला 3970/ रू., 52 पत्ती ताश एवं एक अखबारी कागज जप्त किये। आरोपीयों का कृत्य अपराध धारा 13 जुआ अधिनियय, छग जुआ प्रतिषेध अधि0 के धारा 03 का अपराध घटित करना पायें जाने से मौके पर गिरफ्तार किया गया, मामला जमानतीय होने तथा सक्षम जमानतदार पेश होने पर जमानत मुचलका पर रिहा किया गया।

## प्रदेश अध्यक्ष के साथ वार्डवासियों की बैठक में शामिल हुए सह प्रभारी बनाए गए कांग्रेस नेता प्रदीप शर्मा



डोंगरगढ़(दावा)। रायपुर विधानसभा चुनाव में सह प्रभारी बनाए गए कांग्रेस नेता प्रदीप शर्मा डॉ विपिन बिहारी सूर वॉर्ड 64 में प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के मुख्य आतिथ्य में वॉर्ड कांग्रेस की बैठक में शामिल हुए।

बैठक में शहर जिलाध्यक्ष गिरीश दुबे,वॉर्ड के सेक्टर प्रभारीद्वय पूर्व विधायक मोतीलाल देवांगन, पदमा मनहर, वॉर्ड प्रभारी शिव सिंह ठाकुर ,सह सेक्टर प्रभारी राधेश्याम विभार, प्रदीप शर्मा, सुशील ओझा, ब्लॉक अध्यक्ष सचिनशर्मा,कंट्रोल रूम प्रभारी दिनेश निर्मलकर, वॉर्ड अध्यक्ष मल्लिका प्रजापति , नागु दीप, राजू नायक,हेमंत देवांगन,राजेश यदुवंशी,भूपत महोबिया, डुमेंड दीप,मनोहर देवांगन, चूड़ामणि मानिकपुरी, मुकेश डोंगरे, पायल घोटे और बूथ अध्यक्षगण, वॉर्ड के कार्यकता आदि मौजूद थे।

## छत्तीसगढ़ में क़ानून व्यवस्था की विफलता से आमजन चिंतित

### कबीर पंथ के सर्वोच्च गुरु प्रकाश मुनि साहेब के सुपुत्र उदित मुनि जी पर हमले चिंताजनक - विष्णु लोधी

डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने कहा कि प्रदेश में क़ानून व्यवस्था की स्थिति अत्यंत चिंताजनक होती जा रही है। जिसके कारण आम जन अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। हाल ही में बलौदा बाज़ार ज़िले के दामाखेड़ा में कबीर पंथ के सर्वोच्च गुरु प्रकाश सोनी साहब के सुपुत्र उदित मुनि जी पर हुए हमले की घटना न केवल निंदनीय है, बल्कि प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है।



धार्मिक गुरुओं पर इस तरह का हमला समाज के धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों पर सीधा आघात है, जिसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता।यह घटना यह दर्शाती है कि प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह असफल हो चुकी है।

इस गंभीर घटना के बाद राज्य की जनता असुरक्षित महसूस कर रही है, और ऐसे में जिम्मेदार नेताओं और अधिकारियों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की आवश्यकता है। प्रदेश के गृहमंत्री से मैं तत्काल इस्तीफे की मांग करता हूं क्योंकि यह उनकी जिम्मेदारी थी कि प्रदेश के नागरिकों और धार्मिक गुरुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करें। विष्णु लोधी ने छत्तीसगढ़ के सभी वरिष्ठ नेताओं और शासन-प्रशासन से यह आग्रह किया कि दोषियों को जल्द से जल्द पकड़कर कठोरतम दंड दिया जाए। छत्तीसगढ़ की जनता को सुरक्षित माहौल देने के लिए प्रशासन को और अधिक प्रभावी कदम उठाने होंगे। प्रदेश का हर नागरिक और धार्मिक स्थान सुरक्षित रहे, यह सुनिश्चित करना सरकार का कर्तव्य है।

## केसीजी के 36 पुलिसकर्मियों को आरक्षक से प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नत



खैरागढ़ (दावा)। केसीजी जिले के 36 पुलिसकर्मीयों को आरक्षक से प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया। पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव दीपक झा के आदेश के परिपालन में पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने जिले में कार्यरत आरक्षकों की जारी योग्यता सूची के अनुसार पीपी कोर्स बाद उत्तीर्ण कर्मचारियों को विभागीय पदोन्नति प्रक्रिया के तहत आरक्षक से प्रधान आरक्षक के पद पर फित्ती लगाकर पदोन्नत किया। पुलिस अधीक्षक ने सभी पदोन्नत प्रधान आरक्षक से कहा कि अब आप विवेचना अधिकारी बन गए हैं। अपने दायित्वों का बेहतर ढंग से निर्वहन करेंगे। पुलिस विभाग की बेदाग छबि को बरकरार रखेंगे। आपका व्यवहार आम जनता और स्टाफ के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ अव्वल दर्जे का होना चाहिए। प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नत होने पर पुलिस अधीक्षक ने सभी पदोन्नत प्रधान आरक्षकों को मिठाई खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य के शुभकामनाएं दिये। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितेश कुमार गौतम, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय प्रदीप येरेवार, एसडीओपी खैरागढ़/ गंडई लालचंद मोहले उपस्थित थे।

**पीपी कोर्स बाद उत्तीर्ण कर्मचारियों को विभागीय पदोन्नति प्रक्रिया के तहत फित्ती लगाकर आरक्षक से प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नत किया**

## गोंड समाज द्वारा ईशर गौरा माता विवाह बड़ी धूमधाम से मनाया गया

डोंगरगढ़/कलकसा (दावा)। स्थानीय ग्राम कलकसा में गोंड समाज द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी ईशर राजा गौरा माता का विवाह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। यह परम्परा गोंड समाज द्वारा एक सप्ताह पूर्व गौरा चौरा में गौरा जगाने का एक प्रक्रिया किया जाता है। जहां रात में मुर्गी अंडे को मूसर से दबाया जाता है, उसके चांवल फूल व बेर की कांटे से ऊपर से ढंका जाता है। प्रतिवर्ष अपने संस्कृति सभ्यता रीति रिवाजों के अनुसार देवारी तिहार के एक दिन पूर्व गोंडी धर्म के अनुसार ईशर राजा गौरा माता की गौरा माटी लाकर रात्रि में ही सिर्जया जाता है। वही माटी को मंडावी गोत्र व नेताम गोत्र के परिवार से तैयार किया गया। फिर रात्रि में ही बाजे गाजे के साथ गांव में बड़ी संख्या में बाराती पराघाया गया। जहां गांव के लोग शामिल हुए और गौरा चौरा में लाकर स्थापित किया गया। जो गोंड समाज के मात्र शक्तियो द्वारा गीत गाकर ईशर राजा को समर्पित किए।



गौरा-चौरा को समाज द्वारा लाइटिंग से सजाया गया था। जो बहुत ही आकर्षक का केंद्र रहा। उसके बाद सुबह पुनः गांव के लोग इकठ्ठा होकर नाचते गाते ग्राम में शोभा यात्रा निकाले और विधि विद्यान से तालाब में विसर्जित किया गया। इस बीच गोंड समाज के नरोत्तम कुंजाम, बरमा मंडावी, किशोर नेताम, तामेश्वर मंडावी, बिसेसर नेताम, नम्मू मंडावी, पंचम नेताम, मिनेश कुंजाम, दयाराम, सरपंच अशोक दास साहू, सुकाल, शैलेन्द, दिलेश्वर, मनोज, रामचंद ,चिंटू, तारेन आदि लोग मौजूद रहे।

## अंगना म शिक्षा : स्मार्ट माता कार्यक्रम के उत्कृष्ट क्रियान्वयन हेतु डोंगरगढ़ के शिक्षक हुए कलेक्टर के हाथों सम्मानित



डोंगरगढ़ (दावा)। डोंगरगढ़ विकासखंड के शत्-प्रतिशत प्राथमिक शालाओं में अंगना म शिक्षा एवं स्मार्ट माता कार्यक्रम के बेहतर क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने डोंगरगढ़ विकासखंड के शिक्षिकाओं को सम्मानित किया।

ज्ञात हो कि डोंगरगढ़ विकास खंड अंतर्गत अंगना म शिक्षा एवं स्मार्ट माता कार्यक्रम अंतर्गत जिले को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। अंगना म शिक्षा की उपलब्धि से इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए अब शिक्षा विभाग बच्चों को खेल-खेल में पढ़ने की आदत का विकास करेगा। इस कार्यक्रम से बच्चों के बौद्धिक स्तर एवं ज्ञान को सहीं दिशा मिलेगी। अंगना मा शिक्षा कार्यक्रम के तहत उत्कृष्ट कार्य करने पर एसआरजी श्रीमती कमला सिन्हा, डीआरजी श्रीमती नमिता देवांगन, डीआरजी श्रीमती चन्द्रबली साहू, डोंगरगढ़ ब्लाक से बीआरजी श्रीमती कमलेश्वरी वर्मा एवं बीआरजी सुश्री रुखमिन मंडावी सहित राजनांदगांव, डोंगरगांव तथा छुरिया के बीआरजी को सम्मानित किया गया। शिक्षकों की इस उपलब्धि हेतु विकासखंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र कौर गरचा, विकासखंड स्रोत समन्वयक इनायत अली सहित विकास खंड के संकुल समन्वयकों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## पहला कॉलम...

### साउथ के मशहूर डायरेक्टर गुरुप्रसाद ने की आत्महत्या

नई दिल्ली। लोकप्रिय कन्नड़ फिल्म निर्माता गुरुप्रसाद ने दुनिया को अलविदा कह दिया है। निर्माता ने सीलिंग फैन से लटककर आत्महत्या की। उनका शव उनके कर्नाटक स्थित घर में सड़ी-गली अवस्था में मिला है। फिल्म निर्माता का 52 साल की उम्र में निधन हो गया। उन्हें एडेलु मंजूनाथ और डायरेक्टर्स स्पेशल जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता था। उन्हें बेंगलुरु के मदनायकना हल्ली में उनके अपार्टमेंट में मृत पाया गया। बताया जा रहा है कि गुरुप्रसाद ने पैसों की तंगी के चलते सुसाइड किया। गुरुप्रसाद के अचानक निधन से फिल्म इंडस्ट्री के लोग सदमे में है।



एसपी सीके बावा ने गुरुप्रसाद की मौत की पुष्टि की और बताया कि 5-6 दिन पहले कन्नड़ फिल्म निर्माता को अपने अपार्टमेंट में घुसते हुए देखा गया था और फिर वे गायब हो गए। इसके अलावा, शव की हालत से पता चलता है कि गुरुप्रसाद ने 5-6 दिन पहले आत्महत्या की होगी। बावा ने यह भी कहा कि फिल्म निर्माता पैसों की तंगी से जूझ रहे थे और इसके चलते उन्होंने आत्महत्या की है। अभी हमारे पास सिर्फ इतनी जानकारी है। पुलिस उनकी मृत्यु के समय और परिस्थितियों की पुष्टि करने के लिए जांच कर रही है।

### अगली महामारी से बचाएगा 80 साल पुराना एंटीबायोटिक!

नई दिल्ली। कोरोना महामारी के खत्म होने के बाद दुनिया को सुपरबग का खतरा मंडरा रहा है। लैंसेट की स्टडी ने एक डराने वाला खुलासा किया है। आशंका जताई गई है कि 2050 तक सुपरबग्स से करीब 40 मिलियन (4 करोड़) मौतें हो सकती हैं। दरअसल, सुपरबग एक जर्म्स है, माइक्रोबियल स्ट्रेन हैं। इंसानों और जानवरों में एंटीबायोटिक दवाओं के ज्यादा इस्तेमाल और दुरुपयोग की वजह से सुपरबग्स में बढ़ोतरी हुई है। सवाल ये है कि सुपरबग्स से लड़ने के लिए हम कितना तैयार हैं। दरअसल, शोधकर्ता एंटीबायोटिक स्ट्रेप्टोथ्रीसिन की फिर से जांच कर रहे हैं। स्ट्रेप्टोथ्रीसिन को 80 साल से भी ज्यादा पहले बनाया गया था। शोधकर्ता, इस बात की जांच कर रहे हैं कि क्या यह एंटीबायोटिक सुपरबग्स से लड़ने के लिए प्रभावी है। एंटीबायोटिक को अब नूर्सोथ्रिसिन नाम दिया गया है।



हालांकि, शोधकर्ताओं ने स्ट्रेप्टोथ्रीसिन के इस्तेमाल पर अब तक रोक लगा रखी है। शोधकर्ताओं को डर है कि स्ट्रेप्टोथ्रीसिन के इस्तेमाल से किडनी संबंधी बीमारियां हो सकती है। हार्वर्ड विश्वविद्यालय के पैथोलॉजिस्ट जेम्स किर्बी और उनके सहयोगी ने स्ट्रेप्टोथ्रीसिन की फिर से जांच करने और उसके उपयोग करने की वकालत की है।

### फेसबुक इंडिया का नेट प्रॉफिट 43 फीसदी बढ़ा

मुंबई । दिग्गज सोशल मीडिया कंपनी मेटा की एडवरटीजमेंट यूनिट फेसबुक इंडिया ऑनलाइन सर्विसेज का नेट प्रॉफिट पिछले वित्त वर्ष (2023-24) में 43 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 504.9 करोड़ रुपये रहा। टॉफलर ने फाइनेंशियल डॉक्यूमेंट्स शेयर कर ये जानकारी दी है। बताते चलें कि वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी का नेट प्रॉफिट 352.91 करोड़ रुपये रहा था। फेसबुक इंडिया ऑनलाइन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड भारत में ग्राहकों को एडवरटीजमेंट बेचने और मेटा प्लेटफॉर्म्स इंक को आईटी-इनेबल्ड सपोर्ट सर्विस और डिजाइन सपोर्ट सर्विस प्रदान करने के कारोबार में है। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष में 9.33 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 3034.82 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में ये 2775.78 करोड़ रुपये था। टॉफलर ने रिपोर्ट में कहा, वित्त वर्ष 2023-24 के लिए कंपनी का कुल खर्च 2,350 करोड़ रुपये बताया गया है। वहीं दूसरी ओर, प्रमुख टेक्नोलॉजी कंपनी गूगल इंडिया का वित्त वर्ष 2023-24 में नेट प्रॉफिट 6 प्रतिशत बढ़कर 1424.9 करोड़ रुपये हो गया जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी का नेट प्रॉफिट 1342.5 करोड़ रुपये था। टॉफलर के मुताबिक, गूगल इंडिया की पिछले वित्त वर्ष में कुल आमदनी 7097.5 करोड़ रुपये रही।

# इंग्लैंड के कप्तान ने अपने दमपर दिलाई जीत, वेस्टइंडीज के खिलाफ ठोका दनदनाता शतक

नई दिल्ली। वेस्टइंडीज का दौरा कर रही इंग्लैंड की टीम ने मेजबान टीम के खिलाफ एक शानदार जीत दर्ज की है। इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच इस वक्त तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जा रही है। इस सीरीज के पहले मुकाबले में इंग्लैंड की टीम को 8 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन उन्होंने सीरीज के दूसरे मुकाबले में दमदार वापसी की है और इंग्लैंड ने इस मुकाबले को 5 विकेट से जीता है। इस मुकाबले में टीम के कप्तान लियाम लिविंगस्टन ने शानदार शतक जड़ा। उनके इस शतक के कारण उनकी टीम ने 15 गेंद रहते इस मुकाबले को जीत लिया।



मैच का हाल

दोनों टीमों के बीच खेले गए इस मुकाबले में इंग्लैंड के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करने के लिए मैदान पर उतरी वेस्टइंडीज की टीम ने 50 ओवर में 6 विकेट खोकर 328 रन बनाए। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम ने 47.3 ओवर में 5 विकेट खोकर 329 रन बनाए और इस मुकाबले को 5 विकेट से जीत लिया। इस मुकाबले में मिली जीत के साथ ही उनकी टीम ने तीन मैचों की टेस्ट सीरीज को 1-1 से बराबर कर दिया है। सीरीज का अगला मुकाबला 06 नवंबर को खेला जाएगा। इस मुकाबले को जीतने वाली टीम सीरीज अपने नाम करेगी।

लिविंगस्टन की शानदार पारी

इस मुकाबले में दोनों ही टीमों के कप्तानों ने शानदार पारी खेली। पहले वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप ने 127 गेंदों पर 117 रन बनाए। इसके बाद मैच की दूसरी पारी में लियाम लिविंगस्टन का जलवा देखने को मिला। लिविंगस्टन ने इस मुकाबले में 85 गेंदों पर 124 रनों की पारी खेली और शाई होप की पारी को फीका कर दिया। लिविंगस्टन ने इस मैच में अपना अर्धशतक 60 गेंदों पर पूरा किया था, लेकिन उन्होंने अपना शतक सिर्फ 77 गेंदों पर ही पूरा कर लिया। यानी कि उन्होंने अगले 50 रन सिर्फ 17 गेंदों पर बनाए। लियाम लिविंगस्टोन को शुरू में सितंबर में ऑस्ट्रेलिया का सामना करने के लिए इंग्लैंड की वनडे टीम से बाहर रखा गया था। दो महीने बाद, उन्होंने इंग्लैंड के कार्यवाहक कप्तान के रूप में मैच जिताऊ शतक जमाकर वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज को निर्णायक स्थिति तक पहुंचाया है।

### विदेशी निवेशकों ने साल 2020 का रिकॉर्ड 2024 में तोड़ा

मुंबई । विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने चार साल बाद अपना की रिकॉर्ड तोड़ दिया है। स्नक्क्ष्क्च ने अक्टूबर में भारतीय शेयर बाजार से 94,000 करोड़ रुपये (करीब 11.2 अरब अमेरिकी डॉलर) निकाले हैं। इस तरह यह एफपीआई की निकासी के मामले में सबसे खराब महीना रहा है। इससे पहले विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने मार्च, 2020 में शेयरों से 61,973 करोड़ रुपये निकाले थे। घरेलू बाजारों में ऊंचे मूल्यांकन तथा चीन के शेयरों के आकर्षक मूल्यांकन की वजह से एफपीआई भारतीय बाजार में बिकवाल बने हुए हैं। एफपीआई ने इस ताजा निकासी से पहले सितंबर में शेयरों में 57,724 करोड़ रुपये डाले थे। यह उनके निवेश का नौ माह का उच्चस्तर था। अप्रैल-मई में 34,252 करोड़ रुपये निकालने के बाद जून से एफपीआई लगातार लिवाल रहे थे।

इस कारण स्टॉक मार्केट से पैसा निकाल रहे निवेशक मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक, प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि भविष्य में भू-राजनीतिक घटनाक्रम, ब्याज दरों में उतार-चढ़ाव, चीनी अर्थव्यवस्था में प्रगति और अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के नतीजे जैसे वैश्विक घटनाक्रम भारतीय शेयरों में विदेशी निवेश को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

उन्होंने कहा कि घरेलू मोर्चे पर मुद्रास्फीति का रुख, कंपनियों के तिमाही नतीजे और त्योहारी मांग के आंकड़ों पर एफपीआई की निगाह रहेगी। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने अक्टूबर में 94,017 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की है। पूरे महीने में सिर्फ एक दिन एफपीआई लिवाल रहे हैं। इस तरह 2024 में शेयरों में उनका कुल निवेश घटकर 6,593 करोड़ रुपये रह गया है।

### अब भी भारतीय टीम पहुंच सकती है WTC के फाइनल में

नई दिल्ली। भारतीय टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ घर पर तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप का सामना करना पड़ा। इस सीरीज के शुरू होने से पहले टीम इंडिया वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 की प्वाइंट्स टेबल में पहले स्थान पर काबिज थी और फाइनल में पहुंचने की रेस में भी सबसे आगे थी, लेकिन कीवी टीम के खिलाफ तीनों मुकाबलों में हार का सामना करने के बाद अब टीम इंडिया के लिए डब्ल्यूटीसी के फाइनल में पहुंचने की राह काफी मुश्किल भरी हो गई है। मुंबई टेस्ट मैच में मिली हार के बाद वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की प्वाइंट्स टेबल में भारतीय टीम अब 58.33 अंक प्रतिशत के साथ दूसरे नंबर पर आ गई है, वहीं ऑस्ट्रेलिया की टीम 62.50 पीसीटी के साथ पहले नंबर पर काबिज हो गई है।



रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम को अभी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 के एडिशन में अपनी आखिरी टेस्ट सीरीज ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर 22 नवंबर से खेलनी है। वहीं टीम इंडिया को यदि इस संस्करण के फाइनल में अपनी जगह को पक्का करना है तो उन्हें इस 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के कम से कम 4 मुकाबलों में जीत हासिल करने की कोशिश करनी होगी। इससे भारतीय टीम अपनी जगह को खुद सीधे पक्का कर लेगी और उसे दूसरे मैचों के परिणामों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। अभी ङ्ख्रञ्जष्ट की प्वाइंट्स टेबल में श्रीलंका की टीम तीसरे स्थान पर है जिसमें उसके अंकों का प्रतिशत 55.56 का है। ऑस्ट्रेलिया के पिछले 2 दौरों पर भारतीय टीम टेस्ट सीरीज जीतने में कामयाब तो हुई लेकिन इस बार मेजबान टीम के फॉर्म को देखते हुए उनके लिए ये राह आसान नहीं रहने वाली है। यदि भारतीय टीम इस टेस्ट सीरीज में उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाती है तो उसे फिर अन्य टेस्ट सीरीज के परिणाम पर निर्भर रहना पड़ेगा जिसमें फाइनल में पहुंचने की रेस में बनी हुई श्रीलंका और साउथ अफ्रीका एक बड़ा खतरा रहेंगी।

### मुंबई टेस्ट में रोहित शर्मा की कप्तानी पर लगे 'दाग पर दाग'

नई दिल्ली। न्यूजीलैंड ने मुंबई में वो कर दिखाया जो कोई भी टीम अभी तक भारत में नहीं कर पाई थी। भारत साल 1932 से टेस्ट क्रिकेट खेल रहा है और अभी तक उसे अपने घर में तीन या इससे ज्यादा मैचों की टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप नहीं झेलना पड़ा था। टॉम लैथम की कप्तानी वाली टीम ने ये काम कर दिखाया। न्यूजीलैंड ने मुंबई टेस्ट मैच 25 रनों से जीत 3-0 से सीरीज अपने नाम की।



भारत को इस मैच को जीतने के लिए 147 रनों की जरूरत थी। उसके पास लगभग तीन दिन का समय बचा था। लेकिन टीम इंडिया मैच के तीसरे दिन रविवार को दूसरे सेशन में 121 रनों पर ढेर हो गई। इस हार के साथ ही भारत के दामन में कई दाग लगे तो न्यूजीलैंड ने इतिहास रचते हुए कई रिकॉर्ड अपने नाम किए।

ये पहली बार है जब भारत को तीन या इससे ज्यादा मैचों की टेस्ट सीरीज में अपने घर में क्लीन स्वीप होना पड़ा है। वहीं 2000 के बाद ये पहली बार जब भारत को अपने घर में किसी टीम ने क्लीन स्वीप किया है। साल 2000 में साउथ अफ्रीका ने भारत को दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-0 से हराया था। इसके अलावा ये तीसरा मौका है जब भारत को उसके घर में किसी टीम ने क्लीन स्वीप किया है। सबसे पहले इंग्लैंड ने साल 1980 में भारत को टेस्ट सीरीज में 1-0 से हराया था।1983 के बाद पहली बार भारत को अपने घर में लगातार तीन टेस्ट मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। 1958 से 1980 तक भारत पांच बार लगातार तीन टेस्ट अपने घर में हारा था।

भारत अपने घर में पहली बार 200 या उससे कम का टारगेट चेज करने में फेल रहा है। इससे पहले टीम इंडिया के सामने 31 बार 200 या उससे कम का टारगेट आया था जो उसने हासिल कर लिया था।

ये टेस्ट में टीम इंडिया द्वारा हासिल न किया जा सका दूसरा सबसे कम टारगेट था। भारत 1997 में ब्रिजटाउन में वेस्टइंडीज के खिलाफ 120 रन नहीं बना सकी थी जो उसके द्वारा हासिल नहीं किया जा सका सबसे कम टारगेट है।

न्यूजीलैंड द्वारा बचाया गया ये दूसरा सबसे कम टारगेट है। इससे पहले न्यूजीलैंड ने अपने घर में 1978 में वेलिंग्टन में खेले गए टेस्ट मैच में 137 का स्कोर भी बचाया था।

### इजरायली हमले के बाद ईरान ने अमेरिकी पत्रकार को लिया हिरासत में

**दुबई। ईरान पर 26 अक्टूबर को हुए इजरायली के हमले के बाद से दोनों देशों मे तनाव चरम पर पहुंच गया है। ईरान ने इजरायल के साथ ही साथ अमेरिका पर भी पलटवार करने की धमकी दी है। इस तनाव के बीच तेहरान ने एक ईरानी-अमेरिकी पत्रकार को हिरासत में रख लिया है। अमेरिकी प्राधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने च्एसोसिएटेड प्रेसज् को पत्रकार रेजा वलीजादेह को हिरासत में रखे जाने की जानकारी दी। यह जानकारी ऐसे समय में मिली जब ईरान द्वारा अमेरिकी दूतावास पर कब्जा किए जाने और लोगों को बंधक बनाए जाने की घटना के 45 साल पूरे हुए हैं।**



बता दें वलीजादेह च्रेडियो फर्दाज् के लिए काम करते थे। च्रेडियो फर्दाज् अमेरिकी सरकार द्वारा वित्त पोषित च्रेडियो फ्री यूरोप/रेडियो लिबर्टीज् के अंतर्गत एक संस्थान है। वलीजादेह ने फरवरी में सोशल मीडिया मंच च्एक्सज् पर लिखा था कि उन्हें ईरान वापस लाने के प्रयास के तहत उनके परिवार के सदस्यों को हिरासत में लिया गया। वलीजादेह ने इसके बाद अगस्त में दो संदेश साझा किए थे जिनसे पता चला कि वह ईरान लौट आए हैं, जबकि ईरान का धर्मतंत्र च्रेडियो फर्दाज् को शत्रु संस्थान के रूप में देखता है। पिछले कुछ सप्ताह से अटकलें लगाई जा रही हैं कि वलीजादेह को हिरासत में लिया गया है।

ईरान में मामलों पर नजर रखने वाली च्ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट न्यूज एजेंसीज् ने कहा कि इस साल की शुरुआत में देश में आने पर उन्हें हिरासत में लिया गया लेकिन बाद में रिहा कर दिया गया। एजेंसी ने बताया कि इसके बाद उन्हें फिर से गिरफ्तार किया गया और एविन जेल भेज दिया गया, जहां अब वह ईरान की च्रिवोल्यूशनरी कोर्टज् में मुकदमे का सामना कर रहा है, जो नियमित रूप से बंद कमरे में सुनवाई करती है। उसने बताया कि वलीजादेह को 2007 में भी गिरफ्तार किया गया था। वलीजादेह के बारे में पूछे जाने पर अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने च्एसोसिएटेड प्रेसज् को बताया कि उसे च्व्हइस रिपोर्ट की जानकारी है कि अमेरिकी-ईरानी नागरिक को ईरान में गिरफ्तार किया गया है।

## ज्योतिष चमत्कार (4 नवम्बर 2024)

**कल्याण**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | Happy Diwali | | | |
| मंगल | Happy Diwali | | | |
| बुध | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | 29 | 31 | 47 | 53 |
| गुरू | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | 35 | 45 | 55 | 69 |
| शुक्र | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 43 | 57 | 67 | 71 |
| शनि | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | 59 | 65 | 73 | 89 |
| अंकों का बादशाह | 1 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 6 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 2 | 7 | 3 | 8 |
| स्पेशल | 24 | 79 | 35 | 80 |

**राजधानी नाईट**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | Happy Diwali | | | |
| मंगल | Happy Diwali | | | |
| बुध | 7 | 8 | 9 | 0 |
| | 74 | 80 | 92 | 08 |
| गुरू | 8 | 9 | 0 | 1 |
| | 86 | 96 | 06 | 12 |
| शुक्र | 9 | 0 | 1 | 2 |
| | 98 | 04 | 14 | 20 |
| अंकों का बादशाह | 5 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 0 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 3 | 8 | 4 | 9 |
| स्पेशल | 37 | 82 | 48 | 93 |





**सप्ताह में देखें (कल्याण)**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 12 | 14 | 18 | 10 |
| 2 | 24 | 26 | 28 | 20 |
| 3 | 32 | 34 | 36 | 30 |
| 4 | 42 | 46 | 48 | 40 |
| 5 | 52 | 54 | 56 | 58 |
| 6 | 62 | 64 | 68 | 60 |
| 7 | 74 | 76 | 78 | ´70 |
| 8 | 82 | 84 | 86 | 80 |
| 9 | 92 | 96 | 98 | 90 |
| 0 | 02 | 04 | 06 | 08 |

**सप्ताह में देखें (राजधानी नाईट)**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 13 | 15 | 17 | 19 |
| 2 | 21 | 23 | 25 | 29 |
| 3 | 31 | 35 | 37 | 39 |
| 4 | 41 | 43 | 45 | 47 |
| 5 | 51 | 53 | 57 | 59 |
| 6 | 63 | 65 | 67 | 69 |
| 7 | 71 | 73 | 75 | ´79 |
| 8 | 81 | 85 | 87 | 89 |
| 9 | 91 | 93 | 95 | 97 |
| 0 | 01 | 03 | 07 | 09 |

**अंक आपके पत्ते हमारे**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 128 | 138 | 148 | 149 | 140 | 123 | 160 | 134 | 234 | 127 |
| 245 | 129 | 238 | 130 | 230 | 150 | 250 | 233 | 379 | 136 |
| 489 | 237 | 490 | 239 | 357 | 259 | 278 | 279 | 225 | 280 |
| 290 | 570 | 670 | 680 | 456 | 349 | 458 | 260 | 270 | 479 |
| 344 | 228 | 355 | 789 | 339 | 790 | 449 | 125 | 126 | 677 |

**बीते चार सप्ताह के रिकार्ड**

कल्याण

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 58 | 06 | 51 | 13 | 74 | 39 |
| 91 | 35 | 82 | 53 | 56 | 07 |
| 62 | 10 | 49 | 51 | 19 | 56 |
| Xx | xx | xx | xx | xx | xx |
| Xx | xx | | | | |

राजधानी

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 39 | 70 | 84 | 10 | 67 |
| 11 | 04 | 45 | 01 | 33 |
| 43 | 42 | 21 | 29 | 18 |
| Xx | xx | xx | xx | xx |
| Xx | xx | | | |

**2023-24 के रुके जोड़ भाव**

कल्याण 2023- -09
2024- 11-17-18-22-43-61-68-71-86-80-09

राजधानी नाईट 2023 -35-62
2024- 15-19-26-35-30-44-59-62-65--69-73-88 -89-92-94

चेतावनी :- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**0 श्रीनगर में विस सत्र से पहले रविवारीय बाजार ...**

मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इस हमले की निंदा की है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पिछले कुछ दिनों से घाटी के कुछ हिस्सों में हमलों और मुठभेड़ों की खबरें सुर्खियों में हैं। श्रीनगर में रविवार के बाजार में निर्दोष दुकानदारों पर ग्रेनेड हमले की खबर बेहद परेशान करने वाली है। निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाने का कोई औचित्य नहीं हो सकता। उन्होंने हिदायत देते हुए कहा, ÷सुरक्षा तंत्र को जल्द से जल्द हमलों को रोकने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए ताकि लोग बिना किसी डर के अपना जीवन जी सकें।

**कांग्रेस ने कहा-हमला दुर्भाग्यपूर्ण**

जम्मू-कश्मीर कांग्रेस ने ऐसे हमलों को रोकने के लिए कदम उठाने का आह्वान किया। जम्मू-कश्मीर कांग्रेस प्रमुख तारिक हमीद कर्रा ने एक बयान में कहा, दुकानदारों पर ग्रेनेड हमले की दुर्भाग्यपूर्ण और भयावह घटना के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ। उन्होंने कहा, जम्मू-कश्मीर पुलिस को ऐसे क्रूर और अमानवीय हमलों को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए ताकि जनता स्वतंत्र रूप से और बिना किसी डर के घूम सके।

**ये हुए घायल** :- मिस्बा, (17), अजान कालू (17), हबीबुल्लाह राथर( 50), अल्ताफ अहमद (21), फैजल अहमद (16), उमर फारूक, फैजान मुश्ताक (20), जाहिद (19), गुलाम मुहम्मद सोफी (55), सुमैया जान (45)। दो अन्य घायलों के नाम नहीं मिले हैं।

**0 आज राज्योत्सव का मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री....**

बालीवुड के प्रसिद्ध पार्श्व गायक शांतुन मुखर्जी (शानु) की प्रस्तुति रात्रि 7.45 बजे से होगी। इससे पूर्व रिखी क्षत्रीय की टीम की ओर से 12 लोक नृत्य की झलकियां, मोहन चौहान एवं साथी द्वारा आदिवृंदम, सुनील सोनी एवं टीम द्वारा क्षेत्रीय नृत्य संगीत तथा विद्या वर्चस्वी द्वारा नाम रामायण की प्रस्तुति दी जाएगी। इसी तरह पांच नवंबर को राज्योत्सव में शाम पांच बजे से पुरानिक साहू द्वारा सांस्कृतिक लहर गंगा, सुरेन्द्र साहू, भोला यादव एवं साथियों द्वारा लोक धुन, मोहन नायडू एवं साथियों द्वारा द मून लाइट रागा, राजेश अवस्थी, आरू साहू एवं नीति मोहन की प्रस्तुति होगी। छह नवंबर को सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत अनुराग शर्मा द्वारा अनुराग स्टार नाइट, मनोज प्रसाद द्वारा इंडियाज गॉट टैलेंट मल्लखंभ, सवि श्रीवास्तव द्वारा जादू बस्तर, पवनदीप और अरूनिता के पार्श्व गायन की प्रस्तुति होगी।

राज्योत्सव के दौरान छत्तीसगढ़ शासन के सभी विभागों की ओर से राज्योत्सव स्थल पर भव्य एवं आकर्षक प्रदर्शनी लगाई जाएगी। यहां शिल्प

## प्रथम पेज का शेष

ग्राम बनाया जा रहा है, जहां छत्तीसगढ़ के विविध शिल्प प्रदर्शन एवं विक्रय के लिए उपलब्ध होंगे। राज्योत्सव स्थल परिसर में शासकीय विभागों की प्रदर्शनी के लिए विशाल हैंगर (डोम) बनाए गए हैं। हैंगर-एक एवं दो में शासकीय विभागों के स्टॉल लगेंगे, जबकि हैंगर-तीन में वाणिज्यिक संस्थान अपने उत्पादों की प्रदर्शनी लगाएंगे। हैंगर-चार में पब्लिक सेक्टर के संस्थानों की प्रदर्शनी लगेगी। राज्योत्सव में शिल्प ग्राम, फूड कोर्ट और मीना बाजार आम लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र होंगे। राज्योत्सव के तीन दिवसीय कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री अरूण साव और विजय शर्मा, मंत्री रामविचार नेताम, दयाल दास बघेल, केदार कश्यप, लखनलाल देवांगन, श्याम बिहारी जायसवाल, ओपी चौधरी, लक्ष्मी राजवाड़े और टंकराम वर्मा, नेताप्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, पुरन्दर मिश्रा, मोतीलाल साहू, अनुज शर्मा, गुरू खुशवंत साहेब, इन्द्र कुमार साहू और अन्य जनप्रतिनिधिगण कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि होंगे।

**0 जयघोष के साथ श्री केदारनाथ धाम....**

कपाट बंद होने के साथ ही बाबा केदार की पंचमुखी उत्सव डोली ने अपने पहले पड़ाव रामपुर के लिए प्रस्थान किया। हजारों श्रद्धालु बाबा की पंचमुखी डोली के साथ पैदल ही रवाना हुए। श्रद्धालुओं के लिए जगह - जगह भंडारे आयोजित किये गये थे। आज केदारनाथ में मौसम साफ रहा। आस-पास बर्फ होने से सर्द बयारें भी चलती रही लेकिन श्रद्धालुओं में भारी उत्साह रहा।

कपाट बंद होने के अवसर पर श्री अजय ने कहा कि इस यात्राकाल में रिकार्ड साढ़े 16 लाख से अधिक तीर्थ यात्री श्री केदारनाथ धाम पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन से आज भव्य और दिव्य केदारपुरी का पुनर्निर्माण हो रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिह धामी के मार्गदर्शन में केदारनाथ धाम यात्रा का सफल संचालन हुआ। उन्होंने सफल यात्रा संचालन के लिए बीकेटीसी के कार्मिकों, पुलिस - प्रशासन, यात्रा व्यवस्था से जुड़े विभिन्न विभागों, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ),भारत-तिब्बत सीमा पुलिस ( आईटीबीपी) आदि का आभार जताया।

उल्लेखनीय है श्री बदरीनाथ धाम के कपाट इस यात्रा वर्ष 17 नवंबर को बंद हो रहे है।श्री गंगोत्री धाम के कपाट बीते शनिवार 02 नवंबर को शीतकाल हेतु बंद हो गये है। वहीं, पवित्र गुरुद्वारा हेमकुंट साहिब तथा लोकपाल लक्ष्मण मंदिर के कपाट बीते 10 अक्टूबर को बंद हो गये। द्वितीय केदार मद्महेश्वर जी के कपाट 20 नवंबर को बंद हो रहे है तथा तृतीय केदार तुंगनाथ जी के कपाट कल सोमवार 04 नवंबर को बंद हो रहे है, जबकि चतुर्थ केदार रूद्रनाथ जी के कपाट 17 अक्टूबर को बंद हुए।

**0 'भारत में साइबर घोटाले का बहुत बड़ा नेटवर्क'....**

वाट्सएप अकाउंट बनाने के लिए इस्तेमाल किए गए थे। इन बेनाम सिम कार्डों की वजह से घोटालेबाज पीड़ितों को धोखा दे पाते हैं और उनके तुरंत पकड़े जाने का जोखिम कम हो जाता है।

ईडी ने बताया कि आरोपितों ने साइबर अपराधों से प्राप्त रकम को हासिल करने और उसे वैध बनाने के लिए तमिलनाडु, कर्नाटक और कुछ अन्य राज्यों में 24 मुखौटा कंपनियां बनाई थीं। ये मुखौटा कंपनियां मुख्य रूप से कोवर्किंग स्पेस (जहां कोई वास्तविक कारोबार नहीं होता) पर पंजीकृत हैं। कारोबार शुरू करने के सुबूत के रूप में इन्होंने रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज के समक्ष फर्जी बैंक स्टेटमेंट दाखिल किए थे। ईडी की जांच में पाया गया कि आरोपितों ने प्राप्त रकम को क्रिप्टोकरेंसी में बदला और विदेश में ट्रांसफर कर दिया। ईडी ने इस मामले में 10 अक्टूबर को आरोपपत्र दाखिल किया था और अदालत ने 29 अक्टूबर को इस पर संज्ञान लिया था।

भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) ने रविवार को एक नई एडवाइजरी जारी की, जिसमें लोगों से %डिजिटल अरेस्ट% से सावधान रहने की अपील की गई है। इसमें कहा गया कि वीडियो कॉल करने वाले लोग पुलिस, सीबीआई, सीमा शुल्क अधिकारी या न्यायाधीश नहीं, बल्कि साइबर अपराधी होते हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत काम करने वाले संगठन ने एडवाइजरी में लोगों से इन %चालबाजी% में नहीं फंसने और ऐसे अपराधों की शिकायत तत्काल राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 पर या साइबर अपराधों से जुड़े आधिकारिक पोर्टल पर दर्ज कराने को कहा। प्रधानमंत्री मोदी ने 27 अक्टूबर को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम %मन की बात% में %डिजिटल अरेस्ट% का मुद्दा उठाया था।

**0 अनियंत्रित होकर तालाब में गिरी स्कॉर्पियो....**

**मृतकों में एक महिला और बच्ची भी शामिल**

मृतकों में एक महिला और बच्ची भी शामिल थीं। वह अपने पति और बेटी के साथ दिपावली त्योहार मनाने के लिए लरीमा गांव आई थी। वापसी के दौरान हादसे का शिकार हो गए। हादसे में संजय मुंडा, चंद्रवंशी मुंडा, कृति मुंडा, मंगल, भूपेंद्र, उदयनाथ और बालेश्वर की जान गई। फिलहाल पुलिस ने सभी के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है और आगे की कार्रवाई की है।

# छत्तीसगढ़ सरकार की श्रमिकों के लिए नई पहल, गंभीर रोगों का इलाज होगा आसान, मिलेगी कैशलेस चिकित्सा सुविधा



रायपुर। छत्तीसगढ़ में श्रमिकों को अब कैंसर, किडनी जैसे गंभीर रोगों के इलाज के लिए बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। अब श्रमिक औषधालयों से सीधे अनुबंधित निजी अस्पतालों में कैशलेस रेफरल के तहत इलाज करवा सकेंगे। इसके साथ ही बिलासपुर में नया 100 बिस्तर वाला अस्पताल खोलने की योजना भी तैयार की जा रही है, जिसके लिए राज्य सरकार जल्द ही जमीन उपलब्ध कराएगी।

### नए उप-क्षेत्रीय कार्यालय की स्थापना

कोरबा, रायगढ़ और बिलासपुर के क्षेत्रों को मिलाकर कर्मचारी राज्य बीमा निगम (श्वस्ढ्ढष्ट) का उप-क्षेत्रीय कार्यालय खोला जाएगा। यह कदम श्रमिकों को बीमा संबंधी सेवाएं आसान और सुलभ रूप से प्रदान करने के लिए उठाया गया है। पूरे प्रदेश में कर्मचारी राज्य बीमा योजना का विस्तार किया जा चुका है, और इस संबंध में श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने हाल ही में राज्य बीमा निगम की क्षेत्रीय परिषद की बैठक भी ली थी।

रायपुर और कोरबा के अस्पतालों को तीन महीने के भीतर 50 से बढ़ाकर 100 बिस्तर वाले अस्पताल में उन्नत किया जाएगा। इसके अलावा, लारा और खरसिया के अस्पतालों को नवंबर तक शुरू करने की योजना है। भिलाई और रायगढ़ के 100 बिस्तर वाले अस्पतालों में मरीजों की सुविधा के लिए मेटरनिटी वार्ड, एक्स-रे, ऑपरेशन थियेटर और लैबोरेटरी जैसी सुविधाएं भी शुरू की जाएंगी। कोरबा और रायपुर के अस्पतालों में आने वाले मरीजों के लिए सार्वजनिक परिवहन सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे श्रमिकों को अस्पताल पहुंचने में सहूलियत हो।

कोविड राहत योजना के अंतर्गत 386 बीमित व्यक्तियों के दावों को मंजूरी दी गई है और मार्च 2024 तक 16.21 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। इसके अतिरिक्त, उद्योगों और संस्थाओं में पंजीकृत बीमित व्यक्तियों को बीमारी हित लाभ, स्थायी अपंगता पेंशन, मातृत्व अवकाश, और अन्त्येष्टि व्यय जैसी सुविधाओं के तहत वर्ष 2023-24 में 33.04 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है।

# एक साथ उठी सात अर्थी तो रो पड़ा लरिमा गांव

राजपुर। बलरामपुर जिले के कुसमी थाना क्षेत्र के ग्राम लरिमा निवासी दंपती व बेटी समेत आठ लोगों की शनिवार की रात सड़क दुर्घटना में मौत से गांव में मातम पसरा हुआ है। रविवार को एक साथ गांव के सात लोगों की अर्थी उठी तो सभी की आंखें नम हो गई। कुछ घण्टे पहले ही सभी हंसी खुशी रवाना हुए थे। एक साथ सात लोगों का शव देखकर पूरा गांव रो पड़ा। अंतिम संस्कार में सांसद चिंतामणि महाराज, सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा के अलावा पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी भी शामिल हुए। सांसद व विधायक ने मृतकों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित कर स्वजन को ढाढ़स बंधाया। पीडित स्वजन को हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया। कुसमी के ग्राम लरिमा निवासी संजय मुंडा शिक्षिका पत्नी चंद्रावती व पांच साल की बेटी कृति के साथ सूरजपुर में किराए के मकान में रहता था। वह पत्नी व बेटी के साथ गांव में दिवाली मनाने आया था। वह गांव में आयोजित गोवर्धन पूजा में शामिल हुआ था। शनिवार शाम पत्नी व बेटी के साथ सूरजपुर जाने किराए पर स्कार्पियो लिया था। चालक मुकेश दास के साथ संजय मुंडा , पत्नी चंद्रावती व बेटी कृति के अलावा गांव के ही उदयनाथ , मंगल मुंडा, भूपेंद्र मुंडा, अवनीत उर्फ बालेश्वर सूरजपुर जा रहे थे। गांव के लोगों को रात में ही वापस भी आना था।

# लोकार्पण कार्यक्रम में विक्रांत सिंह ने गिनाई भाजपा सरकार की उपलब्धियां



खैरागढ़ (दावा)। ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सर्रागोंदी में वार्ड नं 07 व वार्ड नं 09 में सांस्कृतिक मंच के लोकार्पण कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य व राजनांदगांव जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।

वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला भाजपा अध्यक्ष व क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य घम्मन साहू, विशिष्ट अतिथि के रूप में खैरागढ़ शहर मण्डल भाजपा अध्यक्ष विनय देवांगन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने मंच का फीता काटकर विधिवत उद्धाटन किया, तत्पश्चात उपस्थितजनों को सम्बोधित करते हुए जिपं. उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि केंद्र व राज्य में भाजपा सरकार के होने से क्षेत्र का विकास होगा व भाजपा सरकार जो कहती है वह करके दिखाती है। जिसमें महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपये देकर भाजपा सरकार ने महिलाओं का सम्मान बढ़ाया है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में पक्का मकान बनना शुरू हो गया है। वही आयुष्मान कार्ड से अस्पतालों में इलाज किया जा रहा है विक्रांत सिंह ने आगे कहा कि नए जिले खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के विकसित के लिए प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी मे घम्मन साहू ने कहा कि लंबे समय से ग्रामवासियों द्वारा सांस्कृतिक मंच की मांग किया जा रहा था। जिसका आज लोकार्पण किया गया, अब वार्डवासियों को सांस्कृतिक मंच बन जाने से अपने वार्ड के कार्यक्रम हो या अन्य कार्यो के लिए सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। इस दौरान अजय सिंह, कमला कोसरे, माधव साहू, लक्ष्मण साहू, जगतुराम साहू, घनाराम कोसरे, विनोद साहू, ऊर्वशी साहू, गनेशिया साहू, समलिया साहू, परगनिया साहू, सुखित साहू, विष्णु साहू सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

# पुलिस का जुआ, सट्टा पर धरपकड़ अभियान में अलग-अलग क्षेत्रों से आरोपियों को पकड़कर की कार्यवाही

**डोंगरगढ़ (दावा)। पुलिस ने जुआ, सट्टा पर कार्रवाई कर अलग-अलग ग्रामों से कई आरोपियों को पकड़कर कार्रवाई की गई। जिसमें मुखबीर से प्राप्त सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर कुछ जुआड़ियान को ग्राम राका सिदार पारा नाला के पास रूपये पैसे का दाव लगाकर ताश पत्ती से काट पत्ती नामक जुआ खेलते रंगे हाथों पकड़ा। रेड कार्यवाही करने पर कुछ जुआड़ीयान पुलिस को देखकर भाग गये मौके पर आठ जुआड़यिांन रंगे हाथ जुआ खेलते पकड़े गये।**

जिसे नाम पता पुंछने पर अपना-अपना नाम मनोज कुमार चंद्रवंशी पिता शंकर लाल चंद्रवंशी उम्र 36 साल साकिन राका, सुरेश सोनकर पिता लालजी सोनकर उम्र 33 साल साकिन बधियाटोला, मोहित निषाद पिता पुरूषोत्तम निषाद उम्र 32 साल, साकिन राका, चेतन मंडावी पिता संतोष मंडावी उम्र 32 साल साकिन राका, धर्मेन्द्र पटेल पिता मदन पटेल उम्र 25 साल साकिन राका, महंगु राम मंडावी पिता बन्सु राम मंडावी उम्र 40 साल साकिन राका, बिसौहा राम पिता चैतू राम उम्र 47 साल साकिन राका,रेखराम पिता सुमेंदी उम्र 33 साल साकिन राका थाना डोंगरगढ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) का रहने वाला बताये जो ग्राम राका सिदार पारा नाला के पास जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़े गये। जुआड़ीयान के पास से कुल 3570 / रू. तथा घटना स्थल से 52 पत्ती ताश समक्ष गवाहन के जप्त किये। आरोपीयों का कृत्य अपराध धारा 13 जुआ अधिनियय, छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधि0 के धारा 03 का अपराध घटित करना पाये जाने से मौके पर गिरफ्तार किया गया, मामला जमानतीय होने तथा सक्षम जमानतदार पेश करने पर जमानत मुचलका पर रिहा किया गया।

इसी तरह मुखबीर से प्राप्त सूचना पर पुलिस ने कुछ जुआड़ियान को ग्राम रूवातला कलामंच मे स्ट्रीट लाईट के रोशनी मे रूपये पैसे का दाव लगाकर ताश पत्ती से काट पत्ती नामक जुआ खेलते रंगे हाथों पकड़ा। रेड कार्यवाही करने पर कुछ जुआडयिांन पुलिस को देखकर भाग गये। मौके पर चार जुआडियान रंगे हाथ जुआ खेलते पकड़े गये। जिसे पता पुंछने पर अपना-अपना नाम होमन साहू पिता कंगलु उम्र 41 साल दीपक श्रीवास पिता मनोज श्रीवास उम्र 22 साल चैतुराम वर्मा पिता रामचंद वर्मा उम्र 34 साल कुंद साहू पिता बेनुराम साहू उम्र 22 साल सभी निवासी ग्राम रूवातला पुलिस चौकी मोहारा थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) का रहने वाला बताये जो ग्राम रूवातला कमला मंच में स्ट्रीट लाईट के रोशनी में आम जगह में जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़े गये। जुआड़ीयान के पास से कुल जुमला 1240/ रू. 52 पत्ती ताश एवं एक अख़बारी कागज जप्त किये। आरोपीयों का कृत्य अपराध धारा 13 जुआ अधिनियय छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधि के धारा 03 का अपराध घटित करना पाये जाने से मौके पर गिरफ्तार किया गया, मामला जमानतीय होने तथा सक्षम जमानतदार पेश होने पर जमानत मुचलका पर रिहा किया गया, वहीं ग्राम रूवातला चौक मे स्ट्रीट लाईट के रोशनी में रूपये पैसे का दाव लगाकर ताश पत्ती से काट पत्ती नामक जुआ खेलते हुए रंगे हाथों पकड़ा। रेड कार्यवाही करने पर कुछ जुआड़ीयान पुलिस को देखकर भाग गये मौके पर चार जुआडयिांन रंगे हाथ जुआ खेलते पकडे गये। जिसे पता पुंछने पर अपना-अपना नाम रामआधार पिता तेजउ वर्मा उम्र 55 साल तुलाराम वर्मा पिता रामभगत उम्र 55 साल सुरेन्द्र साहू पिता रामसहाय साहू उम्र 34 साल राजू वर्मा पिता धनेश वर्मा उम्र 35 साल सभी निवासी ग्राम रूवातला पुलिस चौकी मोहारा थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) का रहने वाला बताये जो ग्राम रूवातला चौ में स्ट्रीट लाईट के रोशनी में आम जगह में जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़े गये। जुआड़ीयान के पास से कुल जुमला 940/ रू., 52 पत्ती ताश एवं एक अखबारी कागज जप्त किये। आरोपीयों का कृत्य अपराध धारा 13 जुआ अधिनियय, छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधि के धारा 03 का अपराध घटित करना पाये जाने से मौके पर गिरफ्तार किया गया, मामला जमानतीय होने तथा सक्षम जमानतदार पेश होने पर जमानत मुचलका पर रिहा किया गया तथा ग्राम पलांदुर चौक मे स्ट्रीट लाईट के रोशनी मे रूपये पैसे का दाव लगाकर ताश पत्ती से काट पत्ती नामक जुआ खेलते रंगे हाथों पकड़ा। रेड कार्यवाही करने पर कुछ जुआड़ीयान पुलिस को देखकर भाग गये मौके पर तीन जुआड़ीयान रंगे हाथ जुआ खेलते पकड़े गये। जिसे पता पुंछने पर अपना-अपना नाम मंथीर भारती पिता भुनेश्वर भारती उम्र 35 साल अजय वर्मा पिता रघुनाथ वर्मा उम्र 32 साल, माखन लाल वर्मा पिता तेजुराम वर्मा उम्र 42 साल सभी निवासी ग्राम पलांदुर पुलिस चौकी मोहारा थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) का रहने वाला बताये जो ग्राम पलांदुर चौक में स्ट्रीट लाईट के रोशनी में आम जगह में जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़े गये। जुआड़ीयान के पास से कुल जुमला 470 / रू., 52 पत्ती ताश एवं एक अखबारी कागज जप्त किये। आरोपीयों का कृत्य अपराध धारा 13 जुआ अधिनियय छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधि के धारा 03 का अपराध घटित करना पाये जाने से मौके पर गिरफ्तार किया गया, मामला जमानतीय होने तथा सक्षम जमानतदार पेश होने पर जमानत मुचलका पर रिहा किया गया व ग्राम पलांदुर कलामंच में स्ट्रीट लाईट के रोशनी मे रूपये पैसे का दाव लगाकर ताश पत्ती से काट पत्ती नामक जुआ खेलते रंगे हाथों पकड़ा। रेड कार्यवाही करने पर कुछ जुआडियांन पुलिस को देखकर भाग गये मौके पर तीन जुआडियांन रंगे हाथ जुआ खेलते पकड़े गये, जिसे पता पुछने पर अपना-अपना नाम राजेश कुमार यादव पिता भगवती यादव आ 26 साल, परसराग विश्वकर्मा लालचंद विश्वकर्मा उम्र 50 साल, नागेश्वर वर्मा पिता जंगलुराम वर्मा उम्र 21 साल सभी निवासी ग्राम पलांदुर पुलिस चौकी मोहारा थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) का रहने वाला बताये जो ग्राग पलांदुर कलाभच मे स्ट्रीट लाईट के रोशनी मे आग जगह में जुआ खेलते रंगे हाथ पकडे गये। जुआड़ीयान के पास से कुल जुमला 610/ रू. 52 पत्ती ताश एवं एक अखबारी कागज जप्त किये आरोपीयों का कृत्य अपराध धारा 13 जुआ अधिनियय छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधि. के धारा 03 का अपराध घटित करना पाये जाने से मौके पर गिरफ्तार किया गया. मागला जमानतीय होने तथा सक्षम जमानतदार पेश होने पर जमानत मुचलका पर रिहा किया गया।

# जापान से ब्रह्माकुमारी रजनी बहन जी का राजनांदगांव हुआ आगमन



**राजनांदगांव (दावा)। ब्रह्माकुमारीज की जापान एवं फिलीपींस की निर्देशिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी रजनीबहनजी 4 नवम्बर 2024 सोमवार को शाम 6 बजे राजनांदगांव आगमन हो रहा है । उनके सम्मान में गोकुल नगर के आगे ,बिजली सब स्टेशन के पास ''ज्ञान मान सरोवर''में कार्यक्रम रखा गया है।**

आप 11 वर्ष के अल्पायु में सन 1974 में ब्रह्माकुमारीज के संपर्क में आई। बचपन से ही आपके अंदर आध्यात्मिकता के माध्यम से जनमानस की सेवा करने की अभिलाषा थी। आप सन 1981 में विदेश सेवा में न्यूयार्क गई और विशेष रूप से जापान फिलीपींस कोरिया हांगकांग जैसे एशियाई देशों में सेवाकेंद्र स्थापित करने की निमित्त बनी। आप सकारात्मक प्रबंधन, तनाव मुक्ति, आत्मिक सशक्तिकरण जैसे विषयों पर दिव्य उद्बोधन देती है । ये हमारा परम सौभाग्य है कि आप जैसे महान हस्ती आज हमारे बीच होंगे। उपरोक्त जानकारी स्थानीय सेवाकेन्द्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहनजी ने दी।

# राज मंडाई का आयोजन आज

अंबागढ़ चौकी (दावा)। परंपरा के आधार पर प्रतिवर्ष अनुसार दीपावली के पहले सोमवार को राजमड़ाई का आयोजन नगर के मां दंतेश्वरी प्रांगण पर किया जाता है नगर में ऐसी परंपरा है लक्ष्मी पूजा एवं गोवर्धन पूजा के पश्चात पहला सोमवार पड़ने पर मंडई का आयोजन किया जाता है।

रात में सांस्कृतिक कार्यक्रम लोकरंग का आयोजन नगर के कॉलेज ग्राउंड पर राजमड़ाई के अवसर पर रात्रि कालीन लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम लोकरंग अर्जुंदा का आयोजन बाहर से आए हुए आम जनता की मनोरंजन के लिए रखा गया है मंदिर समिति एवं राजमड़ई समिति के सदस्यों ने अपील की है ज्यादा से ज्यादा संख्या पर आकर लोक संस्कृति कार्यक्रम का आनंद उठाएं।

# अग्निवीर भर्ती रैली के लिए एडमिट कार्ड जारी

रायपुर (दावा)। सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा 4 से 12 दिसम्बर 2024 तक रायगढ़ स्टेडियम, रायगढ़ में छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों के पुरुष उम्मीदवारों के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर ऑफिस असिस्टेंट/स्टोर कीपर व अग्निवीर ट्रेड्समेन (दसवी व आठवी) का आयोजन किया जाएगा। सेना द्वारा 22 अप्रैल 2024 से 03 मई 2024 तक ऑनलाईन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) का आयोजन किया गया था।

ऑनलाइन परीक्षा में उतीर्ण उम्मीदवार शारीरिक दक्षता सहित और अन्य भर्ती प्रक्रियाओं में भाग ले सकेंगे। रैली में भाग लेने वाले योग्य अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र JIA Website (www.joinindianarmy.nic.in) और उनकी ई-मेल पर भेज दिया गया है। भर्ती में हिस्सा लेने के लिए एडमिट कार्ड व सभी कागज रैली अधिसूचना के अनुसार और साथ में आधार कार्ड से लिंक मोबाइल भी लेकर आना अनिवार्य है।

रैली संबंधी किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर (छ.ग.) शहीद वीर नारायण सिंह अन्तराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के पास अथवा टेलीफोन नम्बर 0771-2965212 पर संपर्क किया जा सकता है।

# उत्कृष्ट कार्य करने हेतु शिक्षिका कमला सिन्हा हुई सम्मानित

राजनांदगांव (दावा)। छोटे बच्चों की माताओ को घर, आंगन में, घर में उपलब्ध वस्तूओं से, खेल-खेल में शिक्षा देने के लिए प्रेरित एवं जागरूक करने, प्राथमिक शाला के शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रशिक्षित करने, शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार व विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु राज्य कोर ग्रुप की एसआरजी श्रीमती कमला सिन्हा शिक्षिका शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला किरगी ब को कलेक्टर संजय अग्रवाल, सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्योहरे, एपीसी रफीक मोहम्मद अंसारी, मनोज मरकाम, आदर्श वासनिक, एडीपी ओपीआर झाड़े के द्वारा प्रसस्ति पत्र, डायरी और पेन देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्मार्ट माता श्रीमती लिकेश्वरी पटेल अपना अनुभव साझा की। घर के काम करते हुए अपने बच्चों को आसानी से पढ़ना, लिखना, रंगों की पहचान करना, जोड़ घटाव, वर्गीकरण करना सीखा सकते हैं।जिसकी सभी अतिथियों ने सराहना की। 2020 से अंगना म शिक्षा कार्यक्रम से जुड़ी स्मार्ट माता श्रीमती लिकेश्वरी पटेल, श्रीमती सविता साहू एवं जिला के नोडल श्रीमती चंद्रवली साहू, श्रीमती नमिता देवांगन तथा सभी ब्लाक के बीआरजी को सम्मानित किया गया।



कलेक्टर महोदय ने उपस्थित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को जिज्ञासु बनाऐ, उन्हें करके सिखने के लिए प्रेरित करें, छोटा-छोटा लक्ष्य निर्धारित कर उसे पूरा करने, शिक्षक की बातों को बच्चे सही मानते हैं। अतः शिक्षक अपनी जानकारी की सत्यता को परख कर ही बच्चों को ज्ञान दे। अनुशासन का पालन स्वयं शिक्षक करें। फिर बच्चों को अनुशासन में रहना सिखाएं। सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि अंगना म शिक्षा के तहत माता बच्चों के पढ़ाई में अच्छा सहयोग कर रही है। बेगलेस डे के दिन क्षेत्र के किसान, कारीगरों, मिस्त्री, पेंटर आदि को शाला में बुलाकर उनका व्यवहारिक ज्ञान बच्चों को दें। जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा राजनांदगांव सतीश ब्योहरे ने बताया कि सभी प्राथमिक शाला में एक्टिव मदर कम्युनिटी का गठन, शाला विकास एवं प्रबंधन समिति कि गठन किया गया। जन समुदाय को जोड़ कर नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु सभी प्रयास कर रहे हैं। जिसके परिणामस्वरूप अंगना म शिक्षा कार्यक्रम में जिला को मिला प्रथम स्थान।

# धार्मिक सांस्कृतिक धरोहरों को बचाए रखना जरुरी लाल जे.के. वैष्णव

राजनांदगांव (दावा)। कार्तिक मास 02 नवम्बर 2024 शनिवार गोवर्धन पूजा अन्नकूट के पावन अवसर पर रियासत कालीन प्राचीन रानी मंदिर छुईखदान में गौरी गौरा पूजा किया गया। मंदिर समिति के संरक्षक लाल जे के वैष्णव ने बताया कि छत्तीसगढ़ी धार्मिक सांस्कृतिक पर्व पर भगवान श्री शंकर पार्वती माता को गौरी गौरा जी रुप में मिट्टी की मूर्ति स्वरूप बनाकर रंग बिरंगी कागज, फूलों से सजाकर लड़कियां सिर पर रखकर मंदिर लाती है जहां राजपरिवार के सदस्य श्रीमती लतारानी लाल जितेन्द्र किशोर वैष्णव, शिवेन्द्र किशोर दास द्वारा विधिवत पूजा, अर्चना पश्चात बाजे गाजे के साथ आतिशबाजी करते हुए गौरी गौरा शोभायात्रा गीतों की प्रस्तुति सहित शहर भ्रमण के बाद विसर्जन किया गया। ढिपरा पारा जमात कंडरा पारा की महिलाओं में शांति निषाद, राधा यादव, सविता, पार्वती, पुनीता, कमला, संतोषी, ममता, रागिनी, रेखा आदि साथियों ने गीत नृत्य प्रस्तुति करते हुए गौरी गौरा शोभायात्रा हर्षोल्लास से संपन्न हुआ । वैष्णव समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल जे.के.वैष्णव ने धार्मिक सांस्कृतिक धरोहर को बचाए रखना जरूरी कहते हुए कहा कि संचार क्रांति मोबाइल के युग में युवा पीढ़ी आधुनिकता की ओर अग्रसर हो रहें हैं, उन्हें सांस्कृतिक विरासत एवं धार्मिक संस्कृति से युवा पीढ़ी को जोड़कर धरोहरों को बचाने जोड़ने युवाओं एवं युवतियों से कार्यक्रमों में शामिल होने की अपील की।




प्रकृति - प्रेम परोपकार स्वरूप भगवान श्री गोवर्धन पूजा अन्नकूट अवसर पर गोबर से गोवर्धन बनाकर आरती पूजा पश्चात विभिन्न व्यंजनों का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। मातर पूजा स्थल जमातपारा जगन्नाथ मंदिर परिसर सहित विभिन्न स्थानों पर मां लक्ष्मी जी की मूर्ति स्थापित कर पूजा अर्चना किया गया।

# मेंढ़ा में मंडई मेला आज



डोंगरगढ़ / मेंढ़ा (दावा)। डोंगरगढ़ अंचल की पहली मंडई के नाम से व दिवाली के बाद आने वाले सोमवार को मेला-मंडई की परम्परा को कायम रखते हुए इस वर्ष 4 नवम्बर को मेंढ़ा में मंडई मेला का आयोजन रखा गया है। इस अवसर पर ग्रामीणजनो के मनोरंजन के लिए रात्रि में सुप्रसिद्ध छत्तीसगढ़ फिल्म गायक सुनील सोनी का रंगारंग कार्यक्रम सुनील नाइट्स अपनी टीम के साथ प्रस्तुति देंगे। ग्राम के सरपंच रोहित मंडावी, पटेल ओंकार यादव व पंचों ने अपील की है अधिक से अधिक संख्या में आकर मेला का लुफ्त उठाएं।

# नेशनल क्रेडिट फ्रेम वर्क के तहत संस्कारधानी के तीन स्कूलों का चयन

राजनांदगांव (दावा)। नेशनल क्रेडिट फ्रेम वर्क का उद्देश्य बहु विषयक शिक्षा और कौशल आधारित शिक्षा को बढ़ावा देना और शिक्षा के स्तर में सुधार करना है इसी के तहत राजनांदगांव के तीन स्कूलों को नेशनल क्रेडिट फ्रेम वर्क के लिए चुना गया है। राजनांदगांव जिले की तीन शालाओं नीरज पब्लिक स्कूल, डॉ.जेबी सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल एवं संस्कार सिटी इंटरनेशनल का चयन सीबीएसई द्वारा एन.सी.आर.एफ. के लिए मॉडल स्कूलों के रूप में किया गया है।

. एवं नई एजुकेशन पॉलिसी के प्रति जागरूकता दिखाने वाले इन संस्थानों को इनकी विभिन्न प्रतियोगिताओ एवं निर्देशों के समय पर अनुपालन के आधार पर मॉडल स्कूल के रूप में चुना गया है देश विदेश में कुल मिलकर 30204 शालाये हैं जिनमें 2098 शालाओ का चयन मॉडल स्कूल के तौर पर किया गया है इस विषय में देश भर के स्कुलो से 3 माह पूर्व सहमती मांगी गयी थी छ ग प्रदेश में कुल 798 सीबीएसई शालाए है जिनमे से 26 स्कूलों चयन हुआ है इसी तरह राजनांदगांव जिले सी.बी.एस.ई. से सम्बद्ध 38 शालाए है जिनमें 3 स्कूलों का चयन हुआ है नयी राष्ट्रीय शिक्षा निति के तहत इन शालाओं का नेशनल क्रेडिट फ्रेम वर्क के तहत चयन होना संस्कारधानी की शिक्षा गुणवत्ता की पुष्टि करता है।





इस अवसर पर नीरज पब्लिक स्कूल की प्राचार्या श्रीमती भारती गौते ने बताया कि नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क भारत में शिक्षा के सभी रूपों के लिए एकीकृत क्रेडिट संचय एवं हस्तांतरण के लिए तैयार किया गया है कार्यक्रम का उद्देश्य शैक्षणिक एवं व्यावसायिक शिक्षा के बीच के अंतर को पाटना है। इसके लिए हम तैयार है। डॉ.जे.बी.सिंह मेंमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्राचार्या श्रीमती एकता खंडेलवाल ने इस अवसर पर शाला को मॉडल स्कूल चयन किए जाने पर कहा कि सीबीएसई के समस्त निर्देशों का हम अक्षरशः पालन करते है सीबीएसई के नियमित रूप से होने वाले क्रिया कलापों में सक्रिय रूप से भाग लेते है। यह दक्ष शिक्षकों, जिज्ञासु विद्यार्थियों एवं पालकों के निरंतर सहयोग का परिणाम है शाला का चयन किया जाना गौरव की बात है। संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल की प्राचार्या रेखा तिवारी ने बताया कि शिक्षा पारंपरिक एवं आधुनिक विचारों का एक मेल है और प्रारंभिक बाल्य काल की शिक्षा भारत में एक विशेष संस्कृतिक और सामाजिक महत्व रखती है राष्ट्रीय पाठ्यक्रम की रूपरेखा इस महत्व को पहचानती है और बच्चो की शिक्षा और विकास में माता पिता और समुदाय की सहकारी भूमिका को प्रोत्साहित करती है मै इस परिवर्तनकारी शैक्षिक ढांचे के माध्यम से सभी के लिए एक उज्जवल भविष्य की कामना करती हूं।



# छत्तीसगढ़ राज्योत्सव



**2024**
**दिनांक 04 से 06 नवम्बर**

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

श्री विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

## छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस "राज्योत्सव"

**उद्घाटन कार्यक्रम**

04 नवम्बर, 2024
राज्योत्सव मैदान, नवा रायपुर अटल नगर





मुख्य अतिथि
**डॉ. मोहन यादव**
माननीय मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

अध्यक्ष
**श्री विष्णु देव साय**
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

अतिविशिष्ट अतिथि
**डॉ. रमन सिंह**
माननीय अध्यक्ष, विधानसभा छत्तीसगढ़





विशिष्ट अतिथि
**श्री अरूण साव** — माननीय उप मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़
**श्री विजय शर्मा** — माननीय उप मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़

श्री रामविचार नेताम, माननीय मंत्री
श्री दयाल दास बघेल, माननीय मंत्री
श्री केदार कश्यप, माननीय मंत्री
श्री लखन लाल देवांगन, माननीय मंत्री
श्री श्याम बिहारी जायसवाल, माननीय मंत्री
श्री ओ.पी. चौधरी, माननीय मंत्री
श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, माननीय मंत्री
श्री टंकराम वर्मा, माननीय मंत्री
डॉ. चरणदास महंत, माननीय नेता प्रतिपक्ष
श्री बृजमोहन अग्रवाल, माननीय सांसद
श्री राजेश मूणत, माननीय विधायक
श्री पुरन्दर मिश्रा, माननीय विधायक
श्री मोती लाल साहू, माननीय विधायक
श्री अनुज शर्मा, माननीय विधायक
श्री गुरू खुशवंत साहेब, माननीय विधायक
श्री इंद्र कुमार साहू, माननीय विधायक





एवं
समस्त माननीय सांसद, विधायक, निगम, मंडल, आयोग, जिला पंचायत के माननीय अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यगण, माननीय महापौर की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित है।

**आप सादर आमंत्रित हैं...**

**हमने बनाया है, हम ही सँवारेंगे**

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

संवाद- 42009/35

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com